# विज्ञापन आमंत्रित है..

- संपर्क -

मो. 9329033433



बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 09 जुलाई 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 163 | मूल्य - 5 रुपये










# मुस्लिम पर्सनल लॉ पीसीएमए और पॉक्सो कानून से ऊपर नहीं: इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज, (भाषा)।**

***इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि विवाह की आयु के रूप में किशोरावस्था की शुरुआत को मान्यता देने वाला मुस्लिम पर्सनल लॉ, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम जैसे कानूनों को निष्प्रभावी***

नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि ये कानून बच्चों के साथ यौन संबंध को अपराध मानते हैं। न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति अचल सचदेव की खंडपीठ ने कहा कि धर्म की परवाह किए बिना देश के प्रत्येक नागरिक के लिए विवाह की न्यूनतम आयु वही होगी, जो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम में निर्धारित की गई है। खंडपीठ ने ये टिप्पणियां पुलिस और 'चाइल्डलाइन' की बचाव टीम पर कथित हमला करने तथा उनके काम में बाधा डालने के आरोप में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध करने वाली रुबी और 18 अन्य लोगों की याचिका को खारिज करते हुए कीं। बचाव दल ने बुलंदशहर जिले में 16 वर्षीय मुस्लिम लड़की का प्रस्तावित विवाह रुकवाने के लिए हस्तक्षेप किया था, जिसके बाद उस समय हमला किया गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत में दलील दी गई कि शरीया कानून के तहत लड़की के किशोरावस्था की दहलीज में कदम (आमतौर पर 15 वर्ष की आयु) रखने के बाद ही उसका विवाह किया जा सकता है।




उन्होंने दलील दी कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 (पीसीएमए) के प्रावधान विवाह से संबंधित उनके व्यक्तिगत कानून (पर्सनल लॉ) को प्रभावित नहीं करते। अदालत ने हालांकि इस दलील को खारिज कर दिया। खंडपीठ ने कहा कि कोई भी व्यक्तिगत कानून, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए) के तहत बाल विवाह पर लगाए गए प्रतिबंध या पॉक्सो अधिनियम के वैधानिक प्रभावों को निष्प्रभावी नहीं कर सकता। खंडपीठ ने कहा कि अगर 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति के विवाह की अनुमति दी जाती है, तो विवाह और यौन संबंधों के परस्पर जुड़े होने के कारण यह स्थिति पॉक्सो अधिनियम के उल्लंघन को वैधता प्रदान करने जैसी होगी। अदालत ने बचाव दल के साथ कथित तौर पर अभद्रता, धमकी और हमला किए जाने तथा टीम के सदस्यों को अपनी जान बचाने के लिए मजबूर होने संबंधी विवरण वाली प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार करते हुए कहा, ÷पीड़िता को बचाव दल की देखरेख और संरक्षण से जबरन ले जाया गया था, जिसके बाद अंततः उसे फ्रि से बचाया गया। प्रथम दृष्टया यह सरकारी कर्मचारी को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने का मामला बनता है। प्राथमिकी में जिन अन्य अपराधों का उल्लेख है, उनकी भी गहन जांच आवश्यक है। अदालत ने एक जुलाई को याचिका खारिज करते हुए कहा कि प्राथमिकी को रद्दे करने करने का कोई उचित आधार नहीं है।

## रेल मंत्रालय ने सजाए गए एसी केबिन का वीडियो आने पर टीटीई को निलंबित किया

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

रेल मंत्रालय ने नंदीग्राम एक्सप्रेस के एक सजाए गए एसी कूपे (केबिन) का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एक ट्रेन टिकट परीक्षक (टीटीई) को निलंबित कर दिया और जांच शुरू कर दी।

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''यह मामला दक्षिण मध्य रेलवे जोन से संबंधित है।

6 जुलाई 2026 को ट्रेन संख्या 11002 नंदीग्राम एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे एक दंपति ने अपने फर्स्ट एसी कूपे को सजाने के लिए निजी तौर पर एक व्यक्ति की सेवा ली थी।'' ''सजावट करने वाले व्यक्ति का रेल डिब्बे में प्रवेश अनधिकृत था और इसे एक गंभीर चूक माना जा रहा है।'' कहा गया है, ''जांच के निष्कर्षों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।''

## मूसलाधार बारिश से बाढ़ की स्थिति, पुणे में हुआ गंभीर हादसा..

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश के कई हिस्सों में बुधवार को मानसून की भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर अचानक बाढ़ जैसे हालात बन गए और रेल तथा सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। महाराष्ट्र के पिंपरी-चिंचवड़ में कूड़े का पहाड़ एक इमारत पर गिरने से 16 लोगों के फ्ंसे होने की आशंका है। वहीं दिल्ली और मुंबई के कई इलाके जलभराव से जूझते रहे। गुजरात के सूरत में भी भारी बारिश से हालात गंभीर बने हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में जिले में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम नौ लोगों की मौत हो चुकी है। प्रशासन ने निचले इलाकों से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है तथा जलमग्न क्षेत्रों में ऊंची इमारतों में रह रहे लोगों तक भोजन के पैकेट पहुंचाए हैं।




# पेट्रोल में एथेनॉल के नुकसान की जांच करें और गडकरी दोषी निकले तो तुरंत मंत्रीमंडल से बाहर करें - छैलबिहारी अग्रवाल



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***गोंदिया के विदर्भवादी नेता एवं भारतीय राजनीति में केन्द्रिय मंत्री नितिन गडकरी के बड़े प्रशंसक छैलबिहारी अग्रवाल हमेशा स्वच्छ एवं निष्पक्ष बयानों के लिये जाने जाते हैं, तथा इसी के चलते हमेशा गडकरी की प्रशंसा करने वाले छैलबिहारी अग्रवाल ने ऐथेनॉल को लेकर सोशल मीडिया में चल***

रहे विरोध और इसके नुकसान की खबरों के बाद पेट्रोन में एथेनॉल का उपयोग करने की जांच करने की मांग की है। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि भले ही देश में गुणवत्तापूर्ण सड़कों का तीव्रता से निर्माण गडकरी ने कर दिखाया, लेकिन उनके कुछ फैसले अनुचित भी साबित हुए हैं। केन्द्रिय परिवहन मंत्री के रुप में गड़करी ने पूरानी गाड़ियों को अच्छी कंडीशन के बावजूद सड़कों पर संचालन की अनुमति से बाहर कर लोगों का भारी नुकसान किया, वहीं पेट्रोल में एथेनॉल मिलाकर वाहनों के ऐवरेज एवं इंजन पर इसके दुष्प्रभाव की सैकड़ों शिकायतें सुनाई दे रही है, जबकि गडकरी ने एथेनॉल से बचत का दावा किया, और सोशल मीडिया पर इसका प्रचार किया, जबकि जिस तरह से एथेनॉल की रिपोर्ट आ रही है, वह निश्चित ही घातक दिखाई दे रही है।

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि भारत में एथेनॉल के प्लांट लगाने के लिये केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा ब्याज पर सब्सिडी और अलग अलग सबसिडी दी जा रही है, जो कि देखा जाए तो प्लांट लगाने वालों को भारी प्रोत्साहन है, तथा यह भी दिखाई दे रहा है कि सरकार के चहेते लोगों को 50 से 60 प्रतिशत तक सब्सिडी देकर सरकार लाभान्वित करने का काम कर रही है, और यह सीधे तौर पर योजना के नाम पर सरकार की तिजोरी में डाका है। छैलबिहारी अग्रवाल ने आगे कहा कि एथेनॉल में जीएसटी और बिजली की दरों में भी भारी छुट दी जा रही है, जबकि इसके बाद भी एथेनॉल की लागत मूल्य 55 से 65 और शुद्ध एथेनॉल 85 रुपये तक प्रति लीटर पड़ रहा है, तो फिर किस तरह से इसे 20 प्रतिशत मिलाने से पेट्रोल की किमत में बड़ी बचत हो रही है, जबकि विदेशों से पेट्रोल तो सरकार को लगभग इसी दर पर मिल रहा है, यह अलग बात है कि सरकार अपना मुनाफा जोड़कर बड़े अंतर लाभ से नागरिकों को बेच रही है, लेकिन एथेनॉल कोई 2 या 5



रुपये लीटर में उत्पादित नहीं हो रहा है, तो फिर क्यों एथेनॉल को पेट्रोल में मिलाया जा रहा है, जबकि ईराक और कुवैत जैसे देशों में पेट्रोल डीजल 2 से 5 रुपये प्रति लीटर बेचा जा रहा है, तो फिर भारत के लिये एथेनॉल कोई फायदे का सौदा है ही नहीं।

## पेट्रोलियम मंत्री चुप क्यों? - बोले छैलबिहारी

छैलबिहारी अग्रवाल ने आगे कहा कि एथेनॉल के उपयोग पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने चुप्पी क्यों साध रही है, जबकि गडकरी का पेट्रोल में एथेनॉल मिलाये जाने पर जोर दिये जाने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पेट्रोलियम मंत्री भी गडकरी ही बन गए हैं, तथा हरदीप पूरी गडकरी के रिमोर्ट से संचालित हो रहे हैं, जबकि हरदीप पूरी को जब तक एथेनॉल के उपयोग से लाभ और हानि की सहीं रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक तत्काल एथेनॉल के उपयोग को वर्जित कर देना चाहिये। छैलबिहारी अग्रवाल ने आगे कहा कि गडकरी ऐसा भी प्रदर्शित करते हैं कि सबसे बड़े वैज्ञानिक वो हैं और सबसे बड़े चमत्कार की ताकत उनके पास है, लेकिन एथेनॉल के संदर्भ में जिस तरह की भूमिका गडकरी की नजर आ रही है, उसके बाद गडकरी को पहले तो केन्द्रिय मंत्री मंडल से बाहर कर दिया जाना चाहिये, वहीं एथेनॉल पर जांच और एथेनॉल प्लांट के नाम पर सरकार की तिजोरी पर जो डाका डाला गया है, और किस तरह से करोड़ों रुपयों का लाभ एथेनॉल प्लांट के नाम पर नेताओं की सांठ गांठ से लगाए गए हैं, इसकी सीबीआई जांच भी होनी चाहिये, तथा जब तक एथेनॉल की सहीं जांच ना हो जाए, गडकरी को मंत्रीमंडल से बाहर रखा जाना चाहिये।


## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक) में वेटर, हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क 9301210805, 7000671780*

## क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*


















# नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण, जताई शुद्ध पेयजल हेतु प्रतिबद्धता..

## सभापति एवं इंजीनियर्स भी रहे साथ, कहा.. जल शोधन सयंत्र से शहर में प्रदाय होने वाले जल की शुद्धता है प्रमाणित..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर पालिका द्वारा संचालित जल शोधन सयंत्र के संदर्भ में सोशल मीडिया पर फिल्टर प्लांट में कीड़े एवं झिंगुर युक्त पानी की भ्रामक खबर चलाये जाने पर बालाघाट नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर सभापति एवं अधिकारियों तथा इंजीनियर्स की टीम लेकर***

आज 08 जुलाई को फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंची, तथा उन्होंने पानी की शुद्धता एवं क्वालिटी की जांच करते हुए पेयजल प्रबंधन को उचित पाया, एवं मीडिया से चर्चा में शुद्ध जल प्रदान करने प्रतिबद्धता भी जाहिर की। निरीक्षण में के दौरान नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर के साथ उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, जल कार्य सभापति समीर जायसवाल, सभापति संगीता कावरे, योगिता बोपचे, उज्जवल आमाडारे, कमलेश पांचे एवं इंजीनियर्स तथा जल कार्य से जुड़े अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### सीसीटीवी कैमरे एवं कर्मियों के पहचान पत्र जारी करने..

फिल्टर प्लांट के निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिया कि यह संवेदनशील क्षेत्र है जहां आमजनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहे, किसी को फिल्टर प्लांट में आना है तो उसकी जांच-पड़ताल हो और विधिवत अनुमति के उपरांत ही उसे आने दिया जाये। श्रीमती ठाकुर ने यह भी कहा कि यहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाये और ड्यूटी करने वाले सभी कर्मचारियों को पहचान पत्र जारी किया जायेगा।

### बोली नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर..

प्लांट का निरीक्षण करते हुए भारती ठाकुर ने कहा कि जल शोधन और जलप्रदाय कार्य बहुत जवाबदारी से किया जाने वाला कार्य है। नगर पालिका के माध्यम से हम नगरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने प्रतिबद्ध हैं। श्रीमती ठाकुर ने कहा कि इस प्लांट में किसी प्रकार के कीड़े एवं झिंगुर पेयजल के साथ पानी में नहीं जाते, बल्कि तकनीकी रूप से कई चरणों में जल शोधन प्रक्रिया होती है और इसके उपरांत ही पानी टंकियों तक पहुंचता है। यहां स्वच्छता और कड़ी सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाता है। नपाध्यक्ष ने कहा कि अब तक नगर में पेयजल के दूषित होने अथवा पीने योग्य नहीं होने का एक भी मामला सामने नहीं आया है। नपाध्यक्ष ने बताया कि नदी से प्राप्त होने वाला जल स्वाभाविक रूप से मटमैला होता है, जिसे वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत शुद्ध किया जाता है। जल शोधन संयंत्र में ब्लीचिंग, एलम तथा अन्य आवश्यक वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से पानी को पूर्ण रूप से शुद्ध एवं पेयजल योग्य बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि शुद्ध किए गए पानी की नियमित रूप से प्रयोगशाला (लैब) में जांच कराई जाती है। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न वार्डों में नगरपालिका के कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्व-सहायता समूहों के सहयोग से फील्ड टेस्ट किट (एफ्टीके) के माध्यम से पानी के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की निरंतर जांच की जाती है।

### 10 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा 11 एमएलडी क्षमता का संयत्र..

भारती ठाकुर ने आगे यह भी बताया कि वर्तमान में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से 11 एमएलडी क्षमता का अत्याधुनिक जल शोधन संयंत्र (वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट) तैयार किया जा रहा है, जिसके जनवरी तक पूर्ण होने की पूरी संभावना है। इसके चालू होने के बाद शहर के नागरिकों को और अधिक गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। नपाध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में संचालित फिल्टर प्लांट का एक हिस्सा समय के साथ जीर्णशीर्ण हो गया है। इसी कारण नए जल शोधन संयंत्र के निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए संबंधित इंजीनियरों एवं एजेंसी को इसे तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नए जल शोधन संयंत्र के साथ एक नई उच्च क्षमता की पानी की टंकी का निर्माण तथा नगर में लगभग 27 किलोमीटर नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आगामी समय में शहर के विभिन्न उपयुक्त स्थानों पर दो से तीन नई पानी की टंकियों के निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाएगी, जिससे पूरे नगर में जल भंडारण क्षमता बढ़ेगी और नागरिकों को सुबह एवं शाम दोनों समय पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

### जलापूर्ति नही होगी प्रभावित..

**भारती ठाकुर ने आगे कहा कि नए संयंत्र के तैयार होने के बाद नगर के सभी जल शोधन संयंत्रों को आपस में इंटरकनेक्ट करने की योजना पर भी कार्य किया जाएगा। इससे यदि भविष्य में किसी एक फिल्टर प्लांट में मोटर अथवा अन्य तकनीकी खराबी आती है, तो दूसरे प्लांट के माध्यम से जलापूर्ति प्रभावित नहीं होगी और नागरिकों को नियमित रूप से पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा।**

# बालाघाट में सरदार पटेल हॉस्पिटल का कीर्तिमान, 5.5 किलो का ट्यूमर निकालकर ने बचाई युवती की जान..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए सरदार पटेल मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, गायखुरी, बालाघाट के सर्जरी विभाग ने एक अत्यंत जटिल ऑपरेशन को सफलता पूर्वक अंजाम दिया। वरिष्ठ सर्जन डॉ. निकलेश वासनिक एवं उनकी विशेषज्ञ टीम ने 26 वर्षीय महिला मरीज के पेट से लगभग 5.5 किलोग्राम वजनी विशाल ट्यूमर निकालकर***

उसे नया जीवन दिया। जानकारी के अनुसार, श्रीमती लक्ष्मी जंघेला (26 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 13, ग्राम केवलारी, जिला सिवनी (म.प्र.), लंबे समय से पेट में लगातार दर्द और असामान्य रूप से बढ़ते पेट के आकार से परेशान थीं। उपचार के लिए उन्होंने सिवनी, बालाघाट और गोंदिया के कई अस्पतालों के चक्कर लगाए। अनेक जांचों के बावजूद बीमारी का सही कारण सामने नहीं आ पाया।

मरीज की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी और परिवार भी चिंता में था। इसके बाद मरीज को सरदार पटेल मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, गायखुरी लाया गया, जहां डॉ. निकलेश वासनिक ने सभी जांच रिपोर्टों का गहन अध्ययन किया। प्रारंभिक रूप से कैंसर की आशंका थी, लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के साथ विस्तृत चर्चा एवं परीक्षण के बाद यह स्पष्ट हुआ कि यह एक विशाल ट्यूमर है, जिसका तत्काल ऑपरेशन आवश्यक है। 23 जून 2026 को करीब 03 घंटे तक चली जटिल सर्जरी में डॉक्टरों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

आखिरकार टीम ने सफलतापूर्वक मरीज के पेट से लगभग 5.5 किलोग्राम वजनी ट्यूमर निकाल लिया। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ। 27 जून 2026 को उन्हें स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मरीज के परिजनों ने अस्पताल की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब कई अस्पतालों में समाधान नहीं मिला, तब सरदार पटेल मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने सही बीमारी की पहचान कर सफल उपचार किया। इस उपलब्धि पर चिकित्सक समुदाय एवं विभिन्न डॉक्टर संगठनों ने भी डॉ. निकलेश वासनिक एवं उनकी टीम की सराहना की। अस्पताल के संचालक एवं निदेशक ने पूरी सर्जरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि अस्पताल भविष्य में भी आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और अनुभवी विशेषज्ञों के माध्यम से क्षेत्र की जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# कढ़ी में छिपकली मिलने की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, तीन प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई....

## स्वच्छता में मिली गंभीर खामियां, बिना खाद्य पंजीयन कारोबार करने वालों पर प्रकरण दर्ज..





जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट शहर के एक होटल में परोसी गई कढ़ी में छिपकली मिलने की शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न होटल एवं जलपान गृहों का सघन निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नोटिस जारी किए गए तथा प्रकरण दर्ज किए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम सबसे पहले मोती नगर स्थित धुवारे जलपान गृह पहुंची। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि घटना के बाद ही संचालक मंगलेश द्वारा होटल बंद कर दिया गया था। इसके बाद वार्ड क्रमांक 32, मोती नगर स्थित गुरुकृपा होटल का निरीक्षण किया गया। यहां साफ-सफाई एवं स्वच्छता संबंधी कई कमियां मिलने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया। शिव मंदिर चौक, नर्मदा नगर स्थित लिल्हारे जलपान गृह के निरीक्षण में बिना खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार संचालित किया जाना पाया गया। साथ ही परिसर में स्वच्छता संबंधी गंभीर कमियां भी मिलीं। इस पर बिना खाद्य पंजीयन एवं अस्वच्छता का प्रकरण तैयार किया गया। इसी क्रम में मेन रोड, सरस्वती नगर स्थित शक्ति नमकीन उद्योग एवं चाय-नाश्ता दुकान का निरीक्षण किया गया। यहां भी बिना खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार संचालित किया जाना, खुले में खाद्य सामग्री का विक्रय तथा परिसर में गंदगी पाए जाने पर बिना खाद्य पंजीयन एवं अस्वच्छता का प्रकरण तैयार किया गया।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि सभी प्रकरण शीघ्र ही न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने सभी खाद्य कारोबारियों को खाद्य पंजीयन अनिवार्य रूप से कराने, स्वच्छता मानकों का पालन करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत बालाघाट पुलिस ने 34 लाख के 225 गुम व चोरी हुए मोबाइल मालिकों को सौंपे..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के समापन अवसर पर बालाघाट पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआरआर) पोर्टल की मदद से पिछले छह माह में बरामद 225 गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक***

मालिकों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 34 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय के मार्गदर्शन में यह विशेष अभियान चलाया गया। वर्तमान चरण में पुलिस कंट्रोल रूम बालाघाट में करीब 125 मोबाइल फोन हितग्राहियों को वितरित किए गए, जबकि शेष मोबाइल संबंधित थानों के माध्यम से लगातार लौटाए जा रहे हैं। इस अवसर पर बालाघाट पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तुरंत सीईआरआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि मोबाइल को ब्लॉक करने, ट्रेस करने और शीघ्र बरामद करने में सहायता मिल सके। साथ ही नागरिकों से अज्ञात लिंक, एपीके फाइल या संदिग्ध संदेशों पर क्लिक न करने, व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी साझा न करने तथा साइबर अपराध की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन या साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की भी अपील की गई।












विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



3 गुरुवार 09 जुलाई 2026

जग प्रेरणा live जिला सिवनी

बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# जनपद की 6 दुकानों की 'खुली नीलामी' आजः स्थानीय निवासियों को मौका देने का कदम सराहनीय; क्या नियमों का होगा पूरा पालन?

जगप्रेरणा धनौरा।

***धनौरा-बालपुर मार्ग पर स्थित जनपद पंचायत स्वामित्व के नवनिर्मित 6 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों के आवंटन हेतु आज, 09 जुलाई को दोपहर 1:00 बजे जनपद सामुदायिक भवन में खुली नीलामी होने जा रही है।***





इस नीलामी में जनपद प्रशासन ने एक बेहद स्वागत योग्य शर्त रखी है कि 'केवल धनौरा के स्थानीय निवासी ही इसमें भाग ले सकेंगे', जिसके लिए क्षेत्र में बकायदा मुनादी (अनाउंसमेंट) कराकर ग्रामीणों को सूचित भी किया गया है। स्थानीय युवाओं को रोजगार का सीधा अवसर देने के इस कदम की सराहना की जा रही है।

हालांकि, इसी मार्ग पर कुछ दूरी पर स्थित 12 दुकानों के 'अवैध कब्जे' को लेकर उपजे भारी विवाद के बाद अब पूरे क्षेत्र की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि जनपद पंचायत अपनी इन 6 दुकानों के आवंटन में सरकारी गाइडलाइनों, पूरी पारदर्शिता और सबसे महत्वपूर्ण 'संवैधानिक आरक्षण रोस्टर' का कितना ईमानदारी से पालन करती है। स्थानीय युवाओं को मौका देने की सराहना करते हुए दैनिक जगप्रेरणा व्यवस्था की निष्पक्षता को लेकर कुछ जरूरी सवाल पूछता हैः सवाल 1: (आरक्षण का ऑन-स्पॉट पालन होगा?) स्थानीय निवासियों को शामिल करने का नियम तो बेहतर है, लेकिन क्या आज मौके पर अनुसूचित जाति (स्ट), अनुसूचित जनजाति (स्ज्ञ) और महिलाओं के लिए निर्धारित आरक्षण रोस्टर को लिखित रूप में सामने रखकर पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी?

सवाल 2: (वास्तविक बेरोजगारों को मौका?) क्या इस खुली नीलामी में गाँव के गरीब और वास्तविक जरूरतमंद बेरोजगार युवाओं को आगे आने का मौका मिलेगा, या यहाँ भी केवल ऊंची बोली लगाने वाले संपन्न लोग ही हावी हो जाएंगे? सवाल 3: (विवादों से सबक?) इसी मार्ग पर नवनिर्मित 12 दुकानों का मामला पहले ही बिना टेंडर और बिना सी.सी. के ताले तोड़ने के कारण विवादों में है, तो क्या आज जनपद अपनी इन 6 दुकानों का आधिपत्य सभी तकनीकी स्वीकृतियां पूर्ण होने के बाद ही सौंपेगा?

सवाल 4: (रिकॉर्डेड होगी प्रक्रिया?) क्या आज होने वाली इस पूरी 'खुली नीलामी' की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए इसकी बकायदा वीडियोग्राफी और शासकीय रिकॉर्डिंग कराई जाएगी, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के पक्षपात या धांधली की गुंजाइश न रहे?

# जिला कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारियों की प्रथम बैठक सम्पन्न

जगप्रेरणा सिवनी।

***मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की मंशानुरूप जिला कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त जिला पदाधिकारियों की प्रथम बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी सोहनलाल वाल्मीकि***





विधायक परासिया के मुख्यआतिथ्य में, केवलारी विधायक ठा. रजनीशसिंह, लखनादौन विधायक योगेन्द्रसिंह बाबा, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजा बघेल, जिला संगठन महासचिव हाजी हनीफ अंसारी, प्रसन्नचंद मालू, केवलारी विधानसभा प्रभारी गुलाबसिंह उइके, लखनादौन विधानसभा प्रभारी अरूणसिंह पवार, सिवनी विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र पटैल की उपस्थिति में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि द्वारा महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया।

नवनियुक्त जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों को जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी का गठन अखिल भारतीय कांग्रेस एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुमोदन के उपरांत हो चुका है, अब हमें पूरी ताकत से कांग्रेस को मजबूत बनाने के प्रयास में जुट जाना है और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी की मंशानुरूप जिला कांग्रेस कमेटी को मजबूत बनाना है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं नव नियुक्त जिला कांग्रेस पदाधिकारी व वरिष्ठ कांग्रेस जनों का शॉल और पुष्पमाला से स्वागत किया गया।

नवनियुक्त जिला कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी एवं परासिया के विधायक सोहनलाल वाल्मीकी ने सिवनी जिला कांग्रेस के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए बधाई दी एवं संगठन को मजबूत करने की दिशा में जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस अध्यक्षो का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिये जाने पर जोर दिया, ताकि यह प्रशिक्षित कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा बूथ स्तर तक अपने प्रशिक्षण का लाभ संगठन की मजबूती के लिए दे सकें।

श्री वाल्मीकी ने आगे कहा कि प्रशिक्षण से संगठन में अनुशासन आएगा, प्रशिक्षण किसी भी संगठन के लिए अति आवश्यक अंग है। जिला कांग्रेस पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए केवलारी विधायक ठा. रजनीसिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में प्रशिक्षण की महती आवश्यकता है, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 28-29 जुलाई 2026 को आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण को सम्पन्न करने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध है।

प्रशिक्षण के संबंध में शीघ्र ही जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों से चर्चा कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। नवनियुक्त जिला कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजा बघेल ने सम्बोधित किया एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहनसिंह चंदेल, मुकेश जैन, अतुलचंद मालू, तेजसिंह रघुवंशी, दिलीप दुबे, शेख मुस्लिम डबलू भाई, श्यामसिंह ठाकुर, दिनेश ठाकुर ने दो दिवसीय प्रशिक्षण के संबंध में अपने विचार रखें। मंच का संचालन शिव सनोडिया एवं राजिक अकील ने किया एवं आभार जेपीएस तिवारी द्वारा किया गया।

बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी डी.बी.नायर, विष्णु करोसिया, सेवकराम चन्द्रवंशी, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष सुधीर जैन, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, ठा. जयकेश सिंह पटेल, अनीक मोहम्मद खान, राजेश दुबे, राजेन्द्र पटैल, जाहिद खान, दुपेन्द्र लकी अमूले। श्रीमती आशा सनोडिया, श्रीमती चित्राशरद बिसेन, श्रीमती किरण कौवरेती, श्रीमती बरखा बघेल, जिला कांग्रेस महामंत्री इमरान पटैल, आनंद भगत, आदित्य सिंह, रंजीत यादव, हर्षवर्धनसिंह बघेल, चित्रकांत शिवहरे, धनीराम पन्द्रे, अनिल मर्सकोले, यशपाल भलावी, जिला कांग्रेस सचिव रणजोर सिंह सिसोदिया, अजीजुर्रहमान बाबा भाई, विपिन यादव, जीशान खान, उदयसिंह बघेल, अनीस खान, मंशाराम चन्द्रवंशी, डॉ. रमेन्द्रसिंह ठाकुर, मुकेश राजपूत, संदीप बंटी जैन, सुनील पंचेश्वर, पप्पी दीवान, दिलीप रक्सेल, सुभाष सिंह बघेल, तनवीर अहमद, प्रभात सिंह ठाकुर, राजू सनोडिया, संजय बघेल, किशोरी कुंजाम, उत्तमसिंह धुर्वे, विजय सिंह उइके, बसोरी बलारी, प्रकाश परते, बहादुर सिंह सनोडिया, शिवदीप डहेरिया, मनोज अग्रवाल, अशोक नरवेती, अशोक सिरसाम, सरदारसिंह बघेल, आरिफ सफरी, राजा मुबीन, दिलीप कुरवेती, महबूब अंसारी, मोहनिस खान, लाईक पटेल, प्रदीप यादव, राजेन्द्र कंगाली, जयप्रकाश यादव, सतेन्द्र बघेल, संतोष ठाकुर, राजेन्द्र नामदेव, कार्यालय सचिव उमाशंकर शरणागत सहित बडी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# पहाड़ी से फिसलकर सड़क पर आए बड़े पत्थरों से टकराया तेज रफ्तार ट्रक, अनियंत्रित होकर पलटा

जगप्रेरणा सिवनी।

***लखनादौन के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर बुधवार सुबह करीब 7 बजे सड़क हादसा होते-होते टल गया। पहाड़ी से फिसलकर सड़क पर आए बड़े पत्थरों से टकराने से तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।***



गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और ट्रक चालक-परिचालक सुरक्षित बच गए। हालांकि, कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण पहाड़ियों की मिट्टी और चट्टानें कमजोर हो गई हैं। इसी वजह से कई स्थानों पर पत्थर खिसककर सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ रहे हैं। सुबह भी सड़क पर पड़े बड़े पत्थरों को चालक समय रहते नहीं देख सका, जिससे ट्रक उनसे टकराकर पलट गया।

## क्रेन की सहायता से ट्रक को हटाया

दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और चालक की मदद की। सूचना मिलने पर पुलिस और संबंधित विभाग के कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और क्रेन की सहायता से ट्रक को हटाकर यातायात सुचारु कराया।

## इस मार्ग की पहाड़ियों से पत्थर गिरने की घटनाएं बढ़ी

स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-34, मध्यप्रदेश को महाराष्ट्र सहित दक्षिण भारत से जोड़ने वाला एक अत्यंत व्यस्त मार्ग है। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई, वहां दिनभर स्थानीय लोगों की भी आवाजाही रहती है। यदि हादसे के समय वहां कोई अन्य वाहन या राहगीर मौजूद होते तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि बरसात शुरू होते ही इस मार्ग की पहाड़ियों से पत्थर गिरने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में अब तक प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं।

## ढीले पत्थरों को समय रहते हटाने की मांग

लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और प्रशासन से मांग की है कि संवेदनशील स्थानों की नियमित निगरानी कर ढीले पत्थरों को समय रहते हटाया जाए। साथ ही, पहाड़ियों पर सुरक्षा जाल (रॉकफॉल नेट), चेतावनी संकेतक और बैरिकेडिंग की व्यवस्थाकी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। प्रशासन ने भी वाहन चालकों से विशेषकर बरसात के मौसम में सावधानीपूर्वक एवं नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील की है।

# गोंडवाना कालीन गढ़ी की दीवार तोड़कर बनाया जा रहा रोड, समाज में रोष -सदम सिंह बरकड़े..

जगप्रेरणा छपारा।

***गोंडवाना साम्राज्य के इतिहास से जुड़ी छपारा स्थित राजा रामसिंह उइके जी की गढ़ी की दीवार को तोड़कर सड़क निर्माण किया जा रहा है। इससे गोंडवाना समाज के शुभचिंतकों***



में आक्रोश व्याप्त है। जनपद पंचायत अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में आगे बताया गोंडवाना समाज के अनुसार राजा रामसिंह उइके जी का शासनकाल अत्यंत लंबा रहा है। आज भी गढ़ी किला गर्व से कह रहा है कि यह गोंडवंश की धरोहर है। परंतु वर्तमान शासन-प्रशासन द्वारा धीरे-धीरे इस ऐतिहासिक धरोहर के नाम-निशान मिटाए जा रहे हैं।

छपारा आज भी ÷राजा रामसिंह उइके जी की गढ़ी÷ के नाम से जाना जाता है। दुख की बात यह है कि जिस राजा ने छपारा को बसाया, उसी के किले को नष्ट किया जा रहा है। शहर के चौक-चौराहों पर उनके नाम की प्रतिमा तो दूर, स्वागत द्वार पर भी उनका नाम नहीं है।

एक ओर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह और रानी दुर्गावती जी के नाम पर छात्रावास बनाने की घोषणा करते हैं, वहीं दूसरी ओर छपारा के संस्थापक राजा रामसिंह उइके जी को उपेक्षित किया जा रहा है।

समाज की मांग है कि छपारा के प्रमुख चौक-चौराहे पर राजा रामसिंह उइके जी की प्रतिमा स्थापित की जाए, स्वागत द्वार पर उनका नाम लिखा जाए और सिद्ध बाबा घाट स्थित गढ़ी का सौंदर्यीकरण किया जाए।

जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदमसिंह बरकड़े द्वारा इस संबंध में कई बार विधायक, सांसद एवं मुख्यमंत्री को पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके विपरीत तोड़फोड़ का कार्य जारी है। इस मुद्दे को लेकर कोया गोंडवाना महासभा छपारा की बैठक हुई। बैठक के बाद जनपद अध्यक्ष सदमसिंह बरकड़े, कोया गोंडवाना महासभा अध्यक्ष सकत धुर्वे, जनपद सदस्य नीलेश मशकोले एवं सुरेंद्र भलावी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि गोंडवाना शासनकाल की गढ़ी किले की दीवार तोड़कर मार्ग बनाया गया है। समाज के लोगों का कहना है कि गढ़ी का सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए क्योंकि दूर-दूर से पर्यटक इसे देखने आते हैं। यह हमारी पहचान और गौरव का प्रतीक है।

# किंदरई स्कूल पर जनप्रतिनिधियों का छापा, निरीक्षण में खुली शिक्षा व्यवस्था की पोल..

## शिकायतें हुईं सही साबित, स्कूल से नदारद मिले अधिकांश शिक्षक

## फोन लगाकर बुलाना पड़ा प्रभारी प्राचार्य को

जगप्रेरणा घंसौर।

***शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किंदरई में लंबे समय से मिल रही अनियमितताओं और शिक्षकों की अनुपस्थिति की शिकायतों के बाद जनप्रतिनिधियों ने औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था की हकीकत सामने ला दी।***

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अधिकांश शिक्षक अनुपस्थित मिले और केवल तीन शिक्षक ही उपस्थित पाए गए। हालात इतने गंभीर थे कि प्रभारी प्राचार्य को मोबाइल फोन के माध्यम से सूचना देकर तत्काल विद्यालय बुलाना पड़ा।

निरीक्षण में जनपद पंचायत घंसौर की अध्यक्ष श्रीमती सरिता परशराम उइके, जनपद शिक्षा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र नामदेव, जनपद सदस्य श्रीमती संगीता भलावी, सरपंच पति डब्बल सिंह, राधेश्याम करयाम, लाली प्रसाद यादव, संतू लाल यादव एवं नंदकिशोर उइके सहित अन्य ग्रामीण जन मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए। जनप्रतिनिधियों ने पाया कि नियमित शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है और विद्यार्थियों का भविष्य लापरवाही की भेंट चढ़ रहा है। लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा शिक्षकों की अनुपस्थिति और विद्यालय संचालन में लापरवाही की शिकायतें लगातार की जा रही थीं। औचक निरीक्षण के दौरान सामने आए हालात ने इन शिकायतों को और गंभीर बना दिया।

जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय के रिकॉर्ड, उपस्थिति और शिक्षण व्यवस्था का भी अवलोकन किया तथा स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी विद्यालयों में इस प्रकार की लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनका कहना था कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन यदि शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचेंगे तो इसका सबसे बड़ा नुकसान विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा।

निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराने तथा अनुपस्थित शिक्षकों एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा किए जाने की बात भी कही गई। जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में भी ऐसी लापरवाही सामने आई तो और अधिक सख्त कदम उठाए जाएंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि विद्यालयों में समय पर शिक्षक उपस्थित रहें और नियमित पढ़ाई हो, तभी सरकारी स्कूलों के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत होगा। किंदरई विद्यालय का यह मामला अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है और लोगों की निगाहें शिक्षा विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

अब यह देखना होगा कि विभाग इस निरीक्षण को केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रखता है या वास्तव में जिम्मेदारों पर ठोस कार्रवाई कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने का प्रयास करता है।


क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*


# आराध्य चतुर्वेदी का आईआईटी में चयन

जगप्रेरणा सिवनी।

***डी.पी.सी. रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल, ड्रीमलैंड सिटी, सिवनी के मेधावी छात्र आराध्य चतुर्वेदी का (JoSAA) काउंसलिंग के प्रथम चरण में आई.आई.टी. वाराणसी में चयन हुआ है। आराध्य ने JEE (Mains/Advance) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर शानदार***



रैंक प्राप्त की। ज्ञात्वय हो कि आपने कक्षा 10वीं एवं 12वीं (गणित) की परीक्षाओं में जिले में प्रथम एवं संभागीय प्रावीण्य सूची में भी अपना स्थान बनाया था। आराध्य ने प्रारंभ से ही विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं एवं प्रतिभा खोज कार्यक्रमों, जैसे ओलंपियाड, इंडियन टैलेंट, विज्ञान मंथन तथा आई.ए.पी.टी जैसी कई परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। आराध्य, डी.पी.सी. ग्रुप के चेयरमैन डॉ. के. के. चतुर्वेदी एवं प्राचार्य डॉ. अमिता चतुर्वेदी के ज्येष्ठ पुत्र हैं। आराध्य की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर चाचा एच. के. चतुर्वेदी, डॉ.आर. के. चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी, प्रद्युम्न चतुर्वेदी सहित विद्यालय परिवार, महाविद्यालय परिवार एवं समस्त शुभचिंतकों ने शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# विधायक गौरव सिंह पारधी के प्रयास को मिली सफलता, खैरलांजी तहसील क्षेत्र में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र स्थापना को मिली स्वीकृति

## खैरलांजी जनपद के आधा सैकड़ा से अधिक गाव को होगा फायदा, विद्युत समस्या से मिलेगा निजात

जगप्रेरणा खैरलांजी।

***कटंगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के खैरलांजी जनपद मुख्यालय अंतर्गत आने वाले दर्जनों ग्रामो की वर्षो पुरानी विद्युत समस्या के समाधान की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। जिसमे कटंगी-खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी के प्रयासों एवं प्रभावी पहल***

के परिणामस्वरूप खैरलांजी क्षेत्र में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना को स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के साकार होने से पूरे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा लंबे समय से बनी हुई लो-वोल्टेज एवं विद्युत हानि की समस्या से स्थायी राहत मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### विधायक गौरव पारधी ने डेढ़ वर्ष पूर्व रखी थी मजबूत आधारशिला

विधायक गौरव सिंह पारधी ने इस आवश्यकता को समय रहते पहचानते हुए 15 दिसम्बर 2024 को ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर ग्राम भौरगढ़, किन्ही अथवा मुरझड़ में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जाने का प्रस्ताव भेजा था। उन्होंने अपने पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया था कि इस उपकेंद्र की स्थापना से क्षेत्र के 33/11 केवी के 5 से 8 विद्युत उपकेंद्र और वारसिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र और कटगी विधानसभा क्षेत्र के आधा सैकड़ा से अधिक गांव सीधे लाभान्वित होंगे, जिससे विद्युत आपूर्ति अधिक गुणवत्तापूर्ण, स्थिर एवं विश्वसनीय बन सकेगी। प्रस्ताव भेजने के बाद विधायक श्री पारधी ने इस मांग को केवल पत्राचार तक सीमित नहीं रखा, बल्कि लगातार विभागीय स्तर पर उसका प्रभावी अनुसरण किया।

### ऊर्जा विभाग की परामर्शदात्री समिति के सदस्य होने के कारण लगातार बैठकों में उठा विषय

ऊर्जा विभाग की परामर्शदात्री समिति के सदस्य होने के कारण कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा इस विषय को प्रमुखता से उठाया और संबंधित अधिकारियों के समक्ष इसकी आवश्यकता को मजबूती से रखा और बैठक में क्षेत्र से लगे हुए तिरोड़ा स्थित अदानी पावर प्लांट जिससे भविष्य में आकस्मिक परिस्थिति में विद्युत आपूर्ति किए जाने का सुझाव भी विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा दिया गया और लगातार इस विषय को प्रमुखता से मुख्यमंत्री मोहन यादव,ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और अपर मुख्य सचिव के समक्ष रखा जिसके बाद जनवरी 2025 से ही इस दिशा में कार्य प्रारंभ हो गया था और लगातार पत्राचार और समय समय पर विधायक गौरव पारधी द्वारा किए प्रयास के बाद परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर नियमानुसार आगे की कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए। विभागीय पत्राचार इस बात का प्रमाण है कि विधायक की पहल को गंभीरता से लेते हुए पूरी प्रक्रिया को गति प्रदान की गई।



### खैरलांजी तहसील क्षेत्र को मिलेगा विकास का नया आधार, वर्षों पुरानी समस्या से मिलेगा निजात

132 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना से खैरलांजी सहित आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा। किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर बिजली मिलेगी, व्यापार एवं लघु उद्योगों को निर्बाध विद्युत उपलब्ध होगी तथा आम उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही विद्युत हानि में कमी आने से वितरण व्यवस्था भी अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनेगी। यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### विधायक गौरव पारधी ने मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा विभाग के प्रति जताया आभार

इस महत्वपूर्ण जनहितकारी उपलब्धि पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव तथा विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के हितों से जुड़े प्रत्येक विषय पर उनका प्रयास भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगा और कटंगी विधानसभा के समग्र विकास के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे।

# पानी की निकासी नही होने से राहगीरों को हो रही समस्या..

गौरव अग्रवाल, जगप्रेरणा महकेपार।

***कटंगी जनपद पंचायत से 45 किमी दूर और महाराष्ट्र से सटे ग्राम पंचायत गोरेघाट जहां मुख्य सड़क पर लगभग 15 वर्षो से बारिश के अलावा बाकी के मौसम में भी मुख्य सड़क में पानी भरा रहता है जिससे आने जाने वाले राहगीरों के अलावा यहां निवास कर रहे***



लोगों को भी भरी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जब पानी जमा रहता है तब इस जमा पानी की इतनी बदबू आती है कि सांस लेना तक दूभर हो जाता है।

### मुख्य सड़क में नहीं है नाली

ग्राम गोरेघाट की लंबाई लगभग 1.5 किलोमीटर की दूरी है जिसमे नली निर्माण नहीं होने से यहां वहां पानी भरा रहता है जिसके कारण रहवासियों को इसका सामना करना पड़ रहा है।

### नालियों की सफाई नहीं

बारिश शुरू हुए अभी चंद दिन ही हुए है कि पानी की निकासी वार्डो में नहीं हो पा रही है जिसके कारण वार्डो की सड़क में तक पानी जमा रहता है लेकिन बारिश शुरू होने के बावजूद नाली सफाई का कार्य नहीं किया जाना लोगो के मुंह पर थप्पड़ जड़ने के समान है। जब पंचायत द्वारा साल भर का टैक्स वसूला जाता है फिर नाली सफाई क्यों नहीं की जाती है।

समय पर बारिश से पहले नाली सफाई का कार्य कर दिया जाना था मगर नहीं किया गया। अब जब बारिश शुरू हो गई है तो खेती के कार्य भी शुरू हो गए है जिससे अब मजदूर मिलना काफी मुश्किल है। जबकि नाली सफाई नहीं हुई तो बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा नालियों में पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की संभावन रहती है।

# कूलर से लगा करंट, कॉलेज छात्रा और पालतू कुत्ते की दर्दनाक मौत..

जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी मैं एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ वार्ड नंबर 4, अस्पताल के पीछे स्थित कॉलोनी में करंट की चपेट में आने से 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा और एक पालतू कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।***



पड़ोसी के कुत्ते को बचाने गई थी प्राप्त जानकारी के अनुसार, कटंगी महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष में पढ़ने वाली छात्रा मोना नामदेव (20 वर्ष), पिता पवन नामदेव, अपने पड़ोसी के यहां कुत्ता अचानक जोर-जोर से रोने और चिल्लाने लगा। कुत्ते के रोने की आवाज सुनकर मोना उसे देखने के लिए वापस अंदर गई। उसने देखा कि कुत्ता खिड़की के बाहर रखे लोहे के कूलर स्टैंड में बुरी तरह फंसा हुआ था और तड़प रहा था।करंट की चपेट में आए मासूम जानवर को मुसीबत में देख मोना खुद को रोक नहीं पाई और उसे बचाने के लिए आगे बढ़ी। जैसे ही मोना ने कुत्ते को बाहर निकालने के लिए उसे हाथ लगाया, वह भी करंट की चपेट में आ गई। करंट का झटका इतना जोरदार था कि मोना और पालतू कुत्ता दोनों की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई।जेल में बंद मां को अंतिम संस्कार में शामिल करने मृतका मोना की मां वर्तमान में अपने पति (मोना के पिता) की हत्या के आरोप में जिला जेल बालाघाट में सजा काट रही हैं। इकलौती बेटी की इस तरह अचानक मौत की खबर से परिवार पूरी तरह टूट चुका है। अब परिजन और रिश्तेदार कानूनी प्रक्रिया के तहत मां को जेल से पैरोल या विशेष अनुमति पर कटंगी लाने का प्रयास कर रहे हैं। परिजनों की मांग है कि मां की मौजूदगी में ही बेटी का अंतिम संस्कार संपन्न किया जाए, ताकि वह अपनी बेटी का आखिरी बार चेहरा देख सके।पुलिस ने शुरू की जांचघटना की सूचना मिलते ही कटंगी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। अस्पताल में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है।



# नगर में दूसरी महिला चिकित्सक की पदस्थापना, मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

## विधायक गौरव सिंह पारधी के प्रयासों से कटंगी अस्पताल को मिली डॉ. ऐश्वी रहांगडाले (देशमुख) की सेवाएं..

जगप्रेरणा कटंगी।

***वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप शासकीय अस्पताल कटंगी में लंबे समय से महिला चिकित्सक की कमी से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। विधायक गौरव सिंह पारधी के लगातार प्रयासों के बाद अस्पताल***



में दूसरी महिला चिकित्सक डॉ. ऐश्वी देशमुख (एमबीबीएस) की पदस्थापना मेडिकल ऑफिसर के पद पर कर दी गई है। उनके अस्पताल में कार्यभार संभालने से नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीज को लाभ मिलेगा

बताया जा रहा है कि कटंगी अस्पताल में वर्षों से महिला चिकित्सक का पद रिक्त रहने के कारण विशेष रूप से महिला मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई मामलों में उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल अथवा निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। अब डॉ. ऐश्वी की नियुक्ति से अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और महिला मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा।

डॉ. ऐश्वी इससे पूर्व शासकीय अस्पताल लालबर्रा में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। वहां के अनुभव का लाभ अब कटंगी क्षेत्र के मरीजों को मिलेगा। चिकित्सा क्षेत्र में उनके अनुभव और सेवाभाव से अस्पताल की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होने की उम्मीद जताई जा रही है। इन दिनों मानसून सक्रिय होने के कारण क्षेत्र में मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। अस्पताल में सर्दी, खांसी, वायरल फीवर, टाइफाइड, निमोनिया, त्वचा संबंधी संक्रमण, पेट संबंधी बीमारियों के अलावा सर्पदंश के मामलों में भी वृद्धि देखी जा रही है। लगातार बारिश के कारण सड़कों पर फिसलन बढ़ने से सड़क दुर्घटनाएं एवं अन्य छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं में घायल मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे हैं। ऐसी स्थिति में अस्पताल में अतिरिक्त महिला चिकित्सक की उपलब्धता स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे मरीजों को समय पर उपचार मिलेगा और डॉक्टरों पर बढ़ते कार्यभार में भी कमी आएगी।

बारिश के मौसम में अस्पताल की ओपीडी लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में प्रतिदिन सुबह की ओपीडी में लगभग 200 मरीज तथा शाम की ओपीडी में करीब 100 मरीज स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। यानी प्रतिदिन लगभग 300 मरीजों का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। ऐसे समय में नए चिकित्सक की पदस्थापना अस्पताल के लिए बड़ी राहत साबित होगी। अस्पताल में महिला चिकित्सक की नियुक्ति से नगरवासियों एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है।




# पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के अथक प्रयासो से खैरलांजी क्षेत्र में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र स्थापना को मिली स्वीकृति..

## खैरलांजी जनपद के आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामो को होगा फायदा,विद्युत समस्या से मिलेगा निजात-प्रदीप जायसवाल

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले दर्जनों ग्रामों की वर्षो पुरानी विद्युत समस्या के समाधान की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि***

पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के अथक प्रयासो से हासिल हुई है। जिसमें खैरलांजी क्षेत्र में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना को स्वीकृति प्राप्त हो गई है, इस महत्वपूर्ण परियोजना के साकार होने से पूरे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा लंबे समय से बनी हुई लो.वोल्टेज एवं विद्युत हानि की समस्या से स्थायी राहत मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

### पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने मुख्यमंत्री और उर्जा मंत्री से किया था संवाद

पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री ,ऊर्जा मंत्री ,विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर खैरलांजी क्षेत्र अंतर्गत में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जाने का प्रस्ताव भेजा था। उपकेंद्र की स्थापना से क्षेत्र के 33/11 केवी के 5 से 8 विद्युत उपकेंद्र वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के आधा सैकड़ा से अधिक गांव सीधे लाभान्वित होंगे। जिससे विद्युत आपूर्ति अधिक गुणवत्तापूर्ण, स्थिर एवं विश्वसनीय बन सकेगी।

### लगातार प्रयासो के बाद क्षेत्र को मिली स्वीकृति

पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के लगातार प्रयासो से इस विषय को प्रमुखता से मुख्यमंत्री मोहन यादव,ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और अपर मुख्य सचिव के समक्ष रखा। लगातार प्रयासो के बाद परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर नियमानुसार आगे की कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस विषय पर पत्राचार किया था। इस पत्राचार को मुख्मंत्री ने उर्जा मंत्री को प्रेषित किया था तो बात का प्रमाण है कि पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल की पहल को गंभीरता से लेते हुए पूरी प्रक्रिया को गति प्रदान की गई।

### खैरलांजी क्षेत्र को मिलेगा विकास का नया आधार

132 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना से वारासिवनी खैरलांजी सहित आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा। किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर बिजली मिलेगी, व्यापार एवं लघु उद्योगों को निर्बाध विद्युत उपलब्ध होगी तथा आम उपभोक्ताओं को लो.वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही विद्युत हानि में कमी आने से वितरण व्यवस्था भी अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनेगी। यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



### भीषण गर्मी और बारिश में किसान अब नहीं होगा परेशान

पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डोंगरमाली व खैरलांजी में जो विद्युत विभाग का जो 132/220 केवी का उपकेन्द्र मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा स्वीकृत किया गया है। वह इस क्षेत्र के लिये एक बडी उपलब्धि है इसकी स्वीकृति के पीछे कडी मेहनत लगन व अथक प्रयास शामिल है। चूंकि क्षेत्र के पूर्व केबिनेट मंत्री के द्वारा मंत्री व खनिज निगम के अध्यक्ष रहते हुए विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य मध्यप्रदेश सरकार के माध्यम से स्वीकृत करवाकर क्षेत्र की आमजनता की सुविधा के लिए समर्पित किया है। पूर्व में जो पत्र मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया गया था आज उसी का परिणाम है कि सिर्फ खैरलांजी को ही नहीं पूर्व में डोंगरमाली और मोहाड़ी में भी विद्युत विभाग का सब स्टेशन स्वीकृत किया गया है। जिससे अब डोंगरमाली और मोहाड़ी के अंतर्गत अन्य ग्रामों को विद्युत सुविधा और क्षेत्र में विकास कार्यो को और भी आगे बढाया जायेगा।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

5 गुरुवार 09 जुलाई 2026
जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मुंबई में पानी से भरे ट्रैक पर दौड़ी वंदे भारत ट्रेन, वायरल हुआ वीडियो..

डेस्क जगप्रेरणा।

*महाराष्ट्र में इस साल मानसून काफी देरी से आया है, लेकिन अब पूरे राज्य में मूसलाधार बारिश हो रही है। खासकर मुंबई शहर में लगातार पानी गिर रहा है। इस वजह से कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है।*



ऐसे में वंदे भारत ट्रेन को पानी भरे ट्रैक से गुजरना पड़ा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर लोग अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई लोगों ने वंदे भारत ट्रेन की मजबूती और क्षमता की तारीफ की। वहीं, कई लोग ट्रेन में पानी भरने से नाराज दिखे। आलोचना करने वाले लोगों का कहना है कि ट्रैक पर पानी नहीं भरना चाहिए था। प्रशासन को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि ट्रैक पर पानी न भरे।

वहीं, तारीफ करने वाले लोग वंदे भारत ट्रेन की क्षमता से खासे प्रभावित दिखे, जो पानी भरे ट्रैक पर भी अच्छी रफ्तार से चल रही थी। ट्रेन के प्रेशर से पानी ट्रैक से उछलकर ऊपर से गुजर रहे फ्लाईओवर तक पहुंच गया।

## वीडियो में दिखी वंदे भारत की मजबूती..

ड्रामैटिक वीडियो मुंबई में मॉनसून की मूसलाधार बारिश के बीच सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वंदे भारत एक्सप्रेस कंजुर मार्ग स्टेशन के पास पानी से लबालब भरे रेलवे ट्रैक पर तेज रफ्तार से गुजरती दिख रही है। ट्रेन के गुजरते ही ट्रैक पर जमा पानी दोनों तरफ ऊंची लहरों में उछल रहा है, जिसकी छींटें पास से गुजर रहे फ्लाईओवर की गाड़ियों पर भी पड़ रहे हैं। वीडियो में ट्रेन की गति और इंजीनियरिंग की मजबूती साफ नजर आ रही है, जिसे देखकर लोग हैरान हैं।

## बीजेपी हरियाणा ने शेयर किया वीडियो..

यह वीडियो बीजेपी हरियाणा के आधिकारिक हैंडल समेत कई नेताओं और संगठनों ने शेयर किया है। इसमें वंदे भारत की आधुनिकता और मुश्किल हालात में भी सेवा जारी रखने की क्षमता को हाइलाइट किया गया है।

कई यूजर्स ने वंदे भारत की इंजीनियरिंग की तारीफ की और लिखा, 'मॉनसून में भी बिना रुके चलना भारतीय रेलवे की मजबूती दिखाता है।' वहीं, कुछ लोगों ने सेफ्टी को लेकर सवाल उठाए और कहा कि इतने पानी में तेज स्पीड जोखिम भरी हो सकती है।

## बारिश के बावजूद समय पर चल रहीं ट्रेनें..

रेलवे सूत्रों के अनुसार, मुंबई में भारी बारिश के बावजूद वंदे भारत समेत कई ट्रेनें निर्धारित समय पर चल रही हैं। भारतीय रेलवे ने यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी जरूरी सावधानियां बरती हैं। यह वीडियो मुंबई के मॉनसून की चुनौतियों और आधुनिक ट्रेनों की क्षमता दोनों को एक साथ दिखाता है। वीडियो लाखों व्यूज पार कर चुका है और सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

# 4 महीने पहले जिस घर में गूंजी थी शहनाई, वहां से एक साथ उठीं बेटे-बहू की अर्थियां, नम आंखों से विदाई..

डेस्क जगप्रेरणा।

*नियति के क्रूर विधान और एक दर्दनाक सड़क हादसे ने हंसते-खेलते परिवार की खुशियों को पल भर में उजाड़ कर रख दिया। चार महीने पहले जिस घर में ब्याह कर लाई बहू के स्वागत में शहनाइयां गूंजी थीं, आज उसी घर से बेटे और बहू की अर्थियां एक साथ उठीं।*



इस हृदयविदारक मंजर को देखकर हर आंख छलक उठी और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

## ट्रक में जा घुसी क्रेटा कार..

मिली जानकारी के अनुसार, पंजाब के मोहाली में भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में नवविवाहित जोड़े (बेटे और बहू) की असमय मृत्यु हो गई। टोल प्लाजा के पास आगे चल रहे कंटेनर के अचानक ब्रेक लगाने पर हिमाचल की क्रेटा कार ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी।

## हिमाचल के कारोबारी के नव-विवाहित बेटे-बहू की मौत..

हादसे में हिमाचल प्रदेश के कारोबारी के बेटे, बहू के अलावा एक वकील की भी मौत हो गई। मृतकों की पहचान ऊना जिले के देहलां गांव के वकील सुरेश ऐरी, मैहतपुर निवासी कारोबारी प्रत्युष जैन और उनकी पत्नी हर्षिता जैन के रूप में हुई है।

## बहन की शादी से लौट रहे थे प्रत्युष और हर्षिता..

बताया जा रहा है कि प्रत्युष अपनी पत्नी हर्षिता और पारिवारिक मित्र सुरेश ऐरी के साथ जींद में बहन की शादी में गए थे और वहां से वापस लौट रहे थे। चार महीने पहले ही प्रत्युष और हर्षिता की शादी हुई थी। शादी के महज 4 महीने बाद हुए इस वज्रपात से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सोमवार को ऊना के भबोर साहिब स्वर्ग धाम में दोनों का अंतिम संस्कार किया गया।

## ऊना में पसरा मातम, हजारों नम आंखों ने दी अंतिम विदाई..

इस दुखद घड़ी में शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने और दिवंगत आत्माओं को विदाई देने के लिए भबोर साहिब स्वर्ग धाम में हजारों लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम यात्रा के दौरान वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं और माहौल पूरी तरह गमगीन था। इस अकल्पनीय दुख के आगे सांत्वना देने आए लोगों के शब्द भी कम पड़ रहे थे। हर कोई इस दिल दहला देने वाली घटना से स्तब्ध था। वहां मौजूद लोगों ने भगवान से प्रार्थना की कि वह इस गहरे घाव और वज्रपात को सहने के लिए पीड़ित परिवार को साहस व शक्ति प्रदान करें और दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

# चंडीगढ़ में पुरानी बिल्डिंग गिरने से बड़ा हादसा, मलबे में दबे 4 लोग निकाले गए, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी..

डेस्क जगप्रेरणा।

*चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया फेस-2 में शनिवार की शाम को अचानक से एक पुरानी बिल्डिंग भरभरा कर गिर गई। घटना के वक्त बिल्डिंग में करीब 6 लोग काम कर रहे थे*



उनमें से चार को निकाला जा चुका है उन्हें मामूली चोटें आई हैं जबकि दो लोग अभी भी मलबे में फंसे हैं। मौके पर एनडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई है और राहत बचाव कार्य जारी है। बताया जा रहा है कि ये बिल्डिंग दो मंजिला थी।

## राहत और बचाव कार्य जारी..

माना जा रहा है की बारिश की वजह से नमी के कारण इस बिल्डिंग की छत और पुराना स्ट्रक्चर कमजोर हो गया था और भरभरा कर नीचे आ गिरा। ये हादसा इंडस्ट्रियल एरिया के होटल द फर्न के नजदीक हुआ। हादसे के पुलिस-प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर मौजूद है और बिल्डिंग के मलबे को हटाने का काम तेजी से जारी है। सब-डिविजनल पुलिस ऑफिसर (साउथ) गुरजीत कौर ने बताया कि बचाव अभियान चल रहा है।

मलबे में फंसे दो लोगों को बचाने की कोशिशें जारी हैं। अधिकारियों ने बताया कि इमारत गिरने के तुरंत बाद पुलिस, **NDRF**, दमकल की गाड़ियां और बचाव दल मौके पर पहुंच गए। प्रशासन ने मलबा हटाने के लिए भारी मशीनें भी तैनात की हैं और अधिकारियों ने उस इलाके की घेराबंदी कर दी है।

## हादसे के वक्त कुछ लोग थे अंदर..

बताया जा रहा है कि जब इमारत अचानक ढही, तब उसके अंदर मज़दूर और मालिक मौजूद थे। चश्मदीदों ने बताया कि इमारत के गिरने का एहसास भूकंप जैसा था। कुछ ही सेकंड में पूरी इमारत ढह गई, जिससे अफरा-तफरी और दहशत फैल गई। बचाव टीमें मलबा हटाने और फंसे हुए लोगों को खोजने के लिए **JCB** मशीनों और अन्य उपकरणों का इस्तेमाल कर रही हैं।

प्रशासन ने अभी तक इमारत के गिरने के समय अंदर मौजूद लोगों की सही संख्या की पुष्टि नहीं की है। पुलिस के अनुसार, इंडस्ट्रियल एरिया में प्लॉट नंबर 28/9 पर स्थित यह इमारत एक पुरानी थी, जहां कबाड़ से जुड़ा काम किया जा रहा था। शुरुआती जानकारी से पता चलता है कि इमारत की जर्जर हालत के कारण छत ढह गई। अधिकारियों ने बताया कि बचाव कार्य जारी है।

# छत्तीसगढ़ में चोरों ने शराब की दुकान की छत काट डाली, 15 पेटियां लेकर हो गए चंपत..

डेस्क जगप्रेरणा।

*छत्तीसगढ़ के आरंग से हैरान कर देने वाली चोरी की वारदात सामने आई है। यहां चोरों ने शराब दुकान का ताला नहीं, बल्कि पूरी छत काट डाली है। देर रात दुकान की टीन की छत तोड़कर अंदर घुसे बदमाश हजारों रुपये की शराब लेकर फरार हो गए।*



पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## क्या है पूरा मामला?

मामला आरंग थाना क्षेत्र के लखौली स्थित देशी कंपोजिट मदिरा दुकान का है। जानकारी के मुताबिक, 6 जुलाई की रात अज्ञात चोर दुकान की टीन की छत काटकर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद चोरों ने दुकान में रखी 'शोले मसाला' ब्रांड की शराब की 15 पेटियां चोरी कर लीं। चोरी की गई शराब की कीमत करीब 72 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना का पता अगली सुबह दुकान खुलने पर चला। सुपरवाइजर दीपक कुमार तांडी ने तत्काल अधिकारियों को सूचना दी और आरंग थाने में शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों की तलाश तेज कर दी गई है। सवाल यह भी उठ रहा है कि चोर इतनी बड़ी मात्रा में शराब लेकर फरार हो गए और किसी को भनक तक नहीं लगी। अब देखना होगा कि पुलिस इस वारदात का खुलासा कब तक कर पाती है।

## कोरबा शहर में भी हुई एक चोरी काफी चर्चा में..

जनवरी 2026 में छत्तीसगढ़ के कोरबा शहर में भी हुई एक चोरी काफी चर्चा में रही थी। दरअसल खबर आई थी कि यहां नहर पर बना लगभग 40 वर्ष पुराना 10 टन वजनी एक छोटा लोहे का पुल चोरी हो गया था। मिली जानकारी के मुताबिक, चोरों ने गैस कटर से पुल को काटा था और उसे कबाड़ में बेच दिया था। इस मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी हुई थी।

कोरबा जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले का भी बयान सामने आया है। उन्होंने बताया था कि 18 जनवरी की सुबह लोगों द्वारा वार्ड के पार्षद को ये जानकारी दी गई थी कि सुबह के वक्त उन्होंने लोहे का पुल गायब देखा। इसके बाद जब पार्षद ने अधिकारियों को सूचना दी तो हड़कंप मच गया।

# चलती बस पर पहाड़ी से गिरा विशाल पत्थर, एक की मौत, 4 लोग गंभीर रूप से घायल..

डेस्क जगप्रेरणा।

*हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा देखने को मिला। यहां, भरमौर से चम्बा आ रही हिमाचल पथ परिवहन निगम (HRTC) की बस (HP-30A-0352) पर गैहरा के पास सुबह करीब 7 बजे पहाड़ी से अचानक एक विशाल पत्थर आ गिरा।*



पत्थर बस की छत तोड़ते हुए सीधे अंदर जा घुसा, जिससे बस में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के समय बस में करीब 40 के करीब यात्री सवार थे।

## शिव पूजन समारोह से लौट रहे थे लोग..

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार यात्री गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि बस में सवार अधिकांश लोग शिव पूजन समारोह से वापस लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

## हादसे की जांच शुरू..

घायलों को बस से बाहर निकालकर उपचार के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, चम्बा भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल प्रशासन ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार भूस्खलन और चट्टानें गिरने की घटनाओं के बीच इस हादसे ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## कांगड़ा में सात पर्यटकों को बचाया गया..

बता दें कि इन दिनों हिमाचल प्रदेश में बरसात की वजह से कहीं लैंडस्लाइड तो कहीं बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। हाल ही में कांगड़ा जिले में एक जलधारा का जलस्तर अचानक बढ़ने से कुछ पर्यटक एक खड्ड (बरसाती नाला) के बीच फंस गए। इसमें पंजाब के दो बच्चों समेत 7 पर्यटक थे, जिन्हें किसी तरह से सुरक्षित बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि पर्यटक एक निजी काफीहाउस के पास न्यूगल खड्ड के किनारे टहलने गए थे और जलधारा के दूसरी ओर चले गए थे।

अधिकारियों के मुताबिक जब पर्यटक लौट रहे थे तभी तेज बहाव के कारण पानी का स्तर अचानक बढ़ गया। पानी बढ़ने से लकड़ी का अस्थायी पुल क्षतिग्रस्त हो गया और वे वहीं फंस गए। हालांकि घटना की जानकारी मिलने पर लोहे की सीढ़ियों का इस्तेमाल करके एक अस्थायी रास्ता बनाया। सबसे पहले दो बच्चों को बचाया गया, उसके बाद महिलाओं और फिर पुरुषों को सुरक्षित नदी के किनारे तक पहुंचाया गया।

# हरैया थाना की बड़ी कार्रवाई, भारत-नेपाल सीमा पर अवैध घुसपैठ बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार..

डेस्क जगप्रेरणा।

भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय पुलिस की सतर्कता के चलते एक बार फिर अवैध घुसपैठ की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया गया है। हरैया थाना पुलिस ने एक खुफिया इनपुट और मुस्तैदी के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है, जो बिना किसी वैध दस्तावेज के नेपाल जाने की कोशिश कर रहा था।

## क्या है मामला..

पूर्वी चम्पारण जिले के भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में हरैया थाना पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अवैध रूप से भारत में रह रहा था और भारत से नेपाल जाने की कोशिश कर रहा था। यह कार्रवाई हरैया थाना क्षेत्र के इंडो नेपाल सीमा पर स्थित कस्टम कार्यालय के पास मैत्री ब्रिज से हरैया पुलिस व एसएसबी की संयुक्त करवाई में बांग्लादेश के एक नागरिक को नेपाल जाने के क्रम में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक की पहचान श्याम हुसैन पिता- नियामुद्दीन, निवासी बरोएगांव, थाना श्रीनगर, जिला मुंशीगंज, बांग्लादेश के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, वह बिना वैध दस्तावेज के भारत में रह रहा था। भारतीय सीमा पार कर नेपाल जाने के दौरान संदेह होने पर उसकी जांच की गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया हैं।

## हरैया थाना पुलिस की कार्यवाही

हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार ने बताया कि इंडो नेपाल बॉर्डर रक्सौल के मैत्री पुल होकर एक बांग्लादेशी व्यक्ति नेपाल जाने के क्रम में एसएसबी के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह भारत में कब और किस उद्देश्य से आया था। ये भी पता लगाने की कोशिश की जा रही हैं कि उसके संपर्क में कौन-कौन लोग थे। पुलिस ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सख्त किया गया है तथा संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# शारजाह से कराची जा रहा पाकिस्तानी कार्गो प्लेन लापता, चालक दल के 5 सदस्य थे सवार..

डेस्क जगप्रेरणा।

संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह से पाकिस्तान के कराची जा रहा एक पाकिस्तानी कार्गो विमान मंगलवार रात अचानक लापता हो गया। विमान में चालक दल के 5 सदस्य सवार थे। विमान के रडार और एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूटने के बाद पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ने समुद्र में बड़े स्तर पर खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया है।




**PAA** के मुताबिक, के-2 एयरवेज के बोइंग 737 कार्गो विमान ने मंगलवार रात करीब 9:18 बजे अपने नेविगेशन सिस्टम में तकनीकी खराबी की सूचना दी। इसके बाद कराची **ACC** ने तुरंत विमान को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## रडार पर नीचे उतरता दिखाई दिया था विमान..

**PAA** ने बताया कि रात 9:22 बजे रडार पर विमान तेजी से नीचे उतरता हुआ दिखाई दिया। इसी दौरान उसने अचानक अपनी दिशा भी बदल ली। इसके कुछ ही देर बाद कराची से लगभग 155 नॉटिकल मील पश्चिम में विमान का रडार और संचार संपर्क पूरी तरह टूट गया। घटना के तुरंत बाद रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर को सक्रिय किया गया और विभिन्न सरकारी एजेंसियों की मदद से अरब सागर में खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया गया।

## बेहद खतरनाक तरीके से नीचे उतरा था विमान..

वैश्विक फ्लाइट ट्रैकिंग सेवा फ्लाइटराडार24 के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, विमान पहले ऊंचाई खोता हुआ दिखाई दिया, फिर कुछ देर के लिए ऊपर चढ़ा, लेकिन उसके बाद अचानक बहुत तेजी से नीचे गिरने लगा। फ्लाइटराडार24 के मुताबिक, विमान से प्राप्त अंतिम डेटा में उसकी ऊंचाई समुद्र तल से करीब 1,100 फीट (335 मीटर) दर्ज की गई थी। उस समय विमान की नीचे उतरने की गति माइनस 22,400 फीट प्रति मिनट थी, जिसे विमानन विशेषज्ञ बेहद असामान्य और अत्यंत खतरनाक दर मानते हैं।

स्थानीय मीडिया जियो न्यूज के अनुसार, विमान पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के ओरमारा तट के पास अरब सागर के ऊपर उड़ान भर रहा था, तभी वह लापता हो गया। पीएए ने बताया कि विमान की तलाश के लिए समुद्र में कई एजेंसियों को लगाया गया है और खोज अभियान लगातार जारी है। जानकारी के अनुसार, यह विमान पाकिस्तान की निजी कार्गो एयरलाइन के-2 एयरवेज का था, जो देश के भीतर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नियमित तथा चार्टर कार्गो उड़ानों का संचालन करती है। यह बोइंग 737 विमान मूल रूप से एक यात्री विमान था, जिसका निर्माण 1999 में हुआ था। पहले इसका संचालन रूस की एयरोफ्लोट और इंडोनेशिया की गरुड़ा इंडोनेशिया एयरलाइंस ने किया था। बाद में 2012 में इसे कार्गो विमान में बदल दिया गया था।

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)







## नोवाक जोकोविच ने विंबलडन 2026 के सेमीफाइनल में बनाई जगह, यानिक सिनर से होगा अब मुकाबला..

डेस्क जगप्रेरणा।

*विंबलडन 2026 में सर्बिया के 39 साल के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच का मेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला। जोकोविच ने कनाडा के 25 साल के खिलाड़ी फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे के खिलाफ 5 घंटे 16 मिनट तक चले 5 सेट तक*



इस मैराथन क्वार्टर फाइनल मैच को 3-2 के अंतर से अपने नाम करने के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह को पक्का कर लिया है। जोकोविच को इस मैच में कनाडा के खिलाड़ी से काफी कड़ी टक्कर देखने को जिसमें पहले चार सेटों में दोनों खिलाड़ी 2-2 से बराबरी पर थे जिसमें आखिरी सेट को जोकोविच ने 7-6 के अंतर से अपने नाम किया। अब सेमीफाइनल में सात बार विंबलडन का खिताब जीत चुके नोवाक जोकोविच का सामना इटली के खिलाड़ी और मौजूदा रैंकिंग में नंबर-1 पर काबिज यानिक सिनर से 10 जुलाई से होगा।

### विंबलडन इतिहास का बना सबसे लंबा क्वार्टर फाइनल मैच..

नोवाक जोकोविच और कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे के बीच में खेला गया मुकाबला ये विंबलडन के इतिहास में अभी तक का सबसे लंबे समय तक चलने वाला क्वार्टर फाइनल मैच है। इस मुकाबले को लेकर बात की जाए तो उसके पहले सेट को जोकोविच ने 7-6 (10) के अंतर से अपने नाम किया था।

इसके बाद कनाडा के फेलिक्स ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 3-6 के अंतर से जीतने के साथ मैच को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। तीसरे सेट में जोकोविच ने वापसी करने के साथ उसे 6-3 के अंतर से अपने नाम करने के साथ बढ़त बना ली।

चौथे सेट में जब सभी को लग रहा था जोकोविच मुकाबले को यहीं पर खत्म कर देंगे तो उसमें फिर से कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे का शानदार खेल देखने को मिला और उन्होंने 6-7 (4) के अंतर से जीत दर्ज करते हुए मैच 2-2 की बराबरी पर ला दिया। अब सभी की नजरें इस मैच में आखिरी सेट को लेकर थी जिसको जोकोविच कड़े संघर्ष के बाद 7-6 (4) के अंतर से जीतने में कामयाब रहे और सेमीफाइनल में पहुंचने में कामयाब रहे।

### जोकोविच ने फेडरर का तोड़ा रिकॉर्ड, मेसी को लेकर भी कही बात..

सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने सेमीफाइनल में अपनी जगह को पक्का करने के साथ रोजर फेडरर के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। जोकोविच अब विंबलडन के इतिहास में लगातार 8 बार सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिसमें पहले ये रिकॉर्ड फेडरर के नाम पर था जो लगातार 7 बार सेमीफाइनल में पहुंचने में कामयाब हो सके थे। नोवाक जोकोविच मुकाबला खत्म होने के बाद दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी के साथ तुलना को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि उनके जैसा 90 मिनट खेलना अच्छा लगेगा। वहीं उन्होंने कहा कि यह वह पल हैं जिनके लिए मैं आज भी टेनिस खेलता हूं।

मैं अब भी उन युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं जो मुझसे 15 साल छोटे हैं। मैं उन्हें बेहद करीबी मुकाबले में हरा सकता हूं। जोकोविच अब सेमीफाइनल में यानिक सिनर से मुकाबला करेंगे जिनके खिलाफ पिछले साल विंबलडन के सेमफाइनल में उन्हें सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था।

## दीदी अंशुला की शादी में जाह्नवी कपूर का धमाका, जमकर बजाया ढोल, दोस्त ओरी ने लगाए ठुमके..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बोनी कपूर की बड़ी बेटी और अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर 6 जुलाई को रोहन ठक्कर के साथ शादी के बंधन में बंध गईं। 6 जुलाई को अंशुला और रोहन की एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी हुई,*



जिसमें कपूर फैमली और कुछ करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। शादी के बाद 7 जुलाई को अंशुला और रोहन की कॉकटेल पार्टी रखी गई, जिसमें इंडस्ट्री के कई कलाकारों ने शिरकत की। कॉकटेल पार्टी में ऐसा माहौल बना की हर कोई झूमने पर मजबूर हो गया। हिमेश रेशमिया ने अपनी परफॉर्मेंस से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और रणवीर सिंह ने हमेशा की तरह अपने एनर्जेटिक अंदाज दिखाया। लेकिन, इस पार्टी की जान बन गईं जाह्नवी कपूर, जिन्होंने बड़ी बहन की शादी में बहन वाली सारी रस्में निभाने और जिम्मेदारी उठाने के साथ-साथ खूब धूम भी मचाई। जाह्नवी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह ढोल-नगाड़े बजाती नजर आ रही हैं।

### जाह्नवी ने बजाया ढोल..

दीदी अंशुला की शादी के सारी रस्मों में जाह्नवी भाग लेती दिखीं। इस बीच जाह्नवी का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें वह पूरे जोश के साथ ढोल बजाती नजर आ रही हैं। वीडियो में वह पूरी एनर्जी के साथ ढोल पीटती नजर आईं और आस-पास मौजूद मेहमान भी डांस करते दिखे। इसके बाद उन्हें ढोल की थाप पर नाचते भी देखा गया। इस दौरान जाह्नवी ने खूबसूरत नीले रंग का सूट पहना था, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। जाह्नवी के देसी अंदाज ने सबका दिल जीत लिया। वहीं उनके साथ उनके दोस्त ओरहान अवत्रामणि उर्फ ओरी भी शादी के दौरान पूरे जोश में नजर आए।

### मेहमान भी रह गए दंग..

जाह्नवी का ये अंदाज देखकर न सिर्फ मौजूद बल्कि ढोल बजाने वाला शख्स भी हैरान रह गया। एक्ट्रेस का ये वीडियो इसी शख्स ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है और कई तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिनमें उन्हें कपूर परिवार के सदस्यों के साथ मुस्कुराकर पोज देते हुए देखा जा सकता है। दूसरी तरफ, जाह्नवी के फैंस उनके देसी अंदाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं। किसी ने उन्हें पार्टी की जान कहा तो किसी ने उनकी एनर्जी की जमकर तारीफकी। वहीं कुछ का कहना था कि भले ही वह और अंशुला सगी बहनें नहीं हैं, लेकिन दोनों के बीच का प्यार सगी बहनों से कम नहीं है।

### अंशुला और रोहन ठक्कर की शादी..

अंशुला और रोहन ठक्कर 6 जुलाई को शादी के बंधन में बंधे। दोनों ने सिर्फ अपने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए। शादी के बाद आयोजित कॉकटेल पार्टी में फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारों ने शिरकत की। बॉबी देओल, जैकी श्रॉफ, आलिया भट्ट, करिश्मा कपूर से लेकर रणवीर सिंह तक अंशुला की कॉकटेल पार्टी में पहुंचे। सोशल मीडिया पर इस स्टार स्टडेड कॉकटेल पार्टी के कई वीडियो-तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें कई चर्चित स्टार्स को इस इवेंट की शान बढ़ाते देखा जा सकता है।

## टीम इंडिया के न्यूजीलैंड दौरे से पहले कीवी टीम ने कसी कमर, 2026-27 के लिए कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट्स का किया ऐलान..

डेस्क जगप्रेरणा।

*भारत के खिलाफ घरेलू व्हाइट-बॉल सीरीज से पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपनी तैयारियों को और मजबूत कर दिया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 2026-27 सीजन के लिए कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट पाने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है।*



इसमें विस्फोटक बल्लेबाज फिन एलन, तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्ने और विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट को शामिल किया गया है। इन चारों खिलाड़ियों के अक्टूबर-नवंबर में भारत के खिलाफ होने वाली घरेलू **ODI** और **T20I** सीरीज के लिए उपलब्ध रहने की उम्मीद है।

पिछले महीने न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 1 अगस्त 2026 से 31 जुलाई 2027 तक की अवधि के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान किया था। हालांकि, कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट्स की घोषणा कुछ सप्ताह बाद की गई। इस लिस्ट में संन्यास ले चुके केन विलियमसन का नाम नहीं है, जबकि डेवोन कॉनवे की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हो चुकी है। वहीं जिमी नीशम अब ऑकलैंड के साथ घरेलू कॉन्ट्रैक्ट पर खेलेंगे।

### भारत का न्यूजीलैंड दौरा अहम..

न्यूजीलैंड के सिलेक्टर गेविन लार्सन ने कहा कि इन चारों खिलाड़ियों के अनुभव और मैच जिताने की काबिलियत को देखते हुए उन्हें फिर से कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हमें फिन, लॉकी, एडम और टिम को अगले कॉन्ट्रैक्ट चक्र में शामिल करके खुशी है। इन सभी खिलाड़ियों ने कई मौकों पर टीम के लिए मैच जिताने वाले प्रदर्शन किए हैं। दुनिया भर की लीगों में खेलने से उनका अनुभव बढ़ता है और इसका फायदा न्यूजीलैंड टीम को भी मिलता है।

लार्सन ने आगे कहा कि भारत का न्यूजीलैंड दौरा मैदान के अंदर और बाहर दोनों लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। इस दौरे में 25 दिनों के भीतर 10 व्हाइट-बॉल मुकाबले (5 **T20I** और 5 **ODI**) खेले जाएंगे। इसके तुरंत बाद टीम को 6 टेस्ट मैच भी खेलने है। ऐसे में खासकर तेज गेंदबाजी विभाग में मजबूत और गहराई वाली टीम की जरूरत होगी।

### न्यूजीलैंड का बिजी शेड्यूल..

आगामी सीजन में न्यूजीलैंड का इंटरनेशनल कैलेंडर काफी व्यस्त रहेगा। भारत के खिलाफ पांच **T20I** और 5 **ODI** मैचों की घरेलू सीरीज के बाद टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चार टेस्ट मैच खेलेगी। इसके बाद श्रीलंका की मेजबानी करते हुए तीन **ODI**, तीन **T20I** और दो टेस्ट मैचों की सीरीज भी खेलेगी।

कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट पाने वाले चारों खिलाड़ी इस समय मेजर लीग क्रिकेट यानी **MLC** में हिस्सा ले रहे हैं। इसी वजह से उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा **ODI** सीरीज के लिए नहीं चुना गया।

**न्यूजीलैंड सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट:** टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, ज़ैक फॉल्क्स, मिच हे, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, विल ओ'रूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सैंटनर, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर, विल यंग

**कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट:** फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन, टिम सीफर्ट और एडम मिल्ने।

## 'लॉकअप 2' में नई तकरार, अकांक्षा चौधरी ने शिल्पा शिंदे के 'बिग बॉस 11' जीतने पर कसा तंज, बोलीं- 'पिछला शो रोटियां बेल के जीता'..

डेस्क जगप्रेरणा।

*नेटफ्लिक्स का रियिलिटी शो 'लॉकअप: सच या सजा' अब सुर्खियों में है। रितेश देशमुख और फराह खान होस्टेड ये शो हर एपिसोड के साथ और भी रोमांचक होता जा रहा है। हाल ही में,*



शो में टीवी एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने पहली वाइल्डकार्ड के तौर पर एंट्री ली है और शो में आते ही उन्होंने सबसे पंगे लेना भी शुरू कर दिया है। शो में एंट्री लेते ही उन्होंने शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा और सुनीता आहूजा से पंगे ले लिए। कुल मिलाकर वह पहले ही दिन से घर में लड़ाई का केंद्र बन चुकी हैं। अब नेटफ्लिक्स ने शो का हालिया प्रोमो साझा किया है, जिसमें आकांक्षा चौधरी को शिल्पा शिंदे से भिड़ते देखा जा सकता है। पहले आकांक्षा की श्रेया कालरा के साथ तीखी बहस होती है और इसके बाद, वह शिल्पा से भिड़ जाती हैं।

### आकांक्षा चौधरी ने शिल्पा शिंदे पर तंज कसा..

लॉकअप 2 के नए प्रोमो में आकांक्षा और श्रेया के बीच एक्सेस कार्ड को लेकर तनाव देखने को मिलता है। दरअसल, इस कार्ड के जरिए श्रेया आकांक्षा के खाने पर नियंत्रण रख सकती हैं और दोनों के बीच विवाद तब बढ़ जाता है जब श्रेया, आकांक्षा से कहती हैं कि वह उनसे माफी मांगें। जब आकांक्षा डिजिटल कैंटीन के जरिए खाना ऑर्डर करने की कोशिश करती हैं तो श्रेया उन्हें ऐसा करने से रोक देती हैं, जिस पर दोनों के बीच तीखी बहस होने लगती है।

### श्रेया ने आकांक्षा को दी चेतावनी..

आकांक्षा, श्रेया को ऐसा करने से रोकती हैं, जिस पर दोनों के बीच विवाद बढ़ जाता है। श्रेया, आकांक्षा को चेतावनी देते हुए कहती हैं- 'मुझे दोबारा छुआ तो थप्पड़ मार दूंगी'। इस पर पलटवार करते हुए आकांक्षा, श्रेया को चेतावनी देती हैं कि अगर अब बात आगे बढ़ी तो वह उनका खेल बर्बाद कर देंगी। दोनों के बीच बढ़ते तनाव को देखने के बाद आकांक्षा चमोला, वरुण यादव और अन्य कंटेस्टेंट दोनों को अलग करने की कोशिश करते हैं।

इसके बाद आकांक्षा, शिल्पा शिंदे से भिड़ जाती हैं और उनकी 'बिग बॉस 11' की जीत पर भी तंज किया। आकांक्षा कहती हैं - 'पिछले शो में रोटियां बनाते-बनाते शो जीते थे, यहां रोटियां बनाने का कोई सिस्टम नहीं है मैडम।'

### हर्षद चोपड़ा ने आकांक्षा को शांत कराने की कोशिश की..

इसके बाद, हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी बीच-बचाव के लिए आगे आते हैं और आकांक्षा को शांत कराने की कोशिश करते हैं। दोनों आकांक्षा को याद दिलाते हैं कि शिल्पा एक सीनियर आर्टिस्ट हैं, लेकिन आकांक्षा पीछे नहीं हटतीं और कहती हैं- 'भाड़ में जाए सीनियोरिटी हर्षद।' आकांक्षा की बात पर योगेश भी उनका साथ देते हुए कहते हैं, 'कोई भी होगा सीनियर आर्टिस्ट अपने घर पर होगा।'

## आईसीसी रैंकिंग में ईशान किशन को फायदा, जैकब बैथल की लंबी छलांग, सूर्या टॉप 10 से बाहर..

डेस्क जगप्रेरणा।

*आईसीसी रैंकिंग अपडेट कर दी गई है। इस बार बहुत ज्यादा उलटफेर और बदलाव तो नहीं हुआ है, लेकिन इतना जरूर है कि भारत के ईशान किशन को हल्का सा फायदा रेटिंग में हुआ है।*



इस बीच इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जैकब बैथल ने लंबी छलांग लगाते हुए टॉप 10 में एंट्री मार दी है, वहीं भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव इससे बाहर हो गए हैं। आने वाले दिनों में इसमें और भी बड़े बदलाव दिखाई दे सकते हैं।

### ईशान किशन आईसीसी रैंकिंग में पहले नंबर पर बरकरार

भारत बनाम इंग्लैंड टी20 सीरीज के बीच आईसीसी की ओर से नई टी20 रैंकिंग जारी कर दी है। भारत के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन पहले नंबर की कुर्सी पर बने हुए हैं। उनकी रेटिंग बढ़कर अब 897 की हो गई है। एक जुलाई को ईशान की रेटिंग 876 की थी, जो अब ज्यादा हो गई है। हालांकि इससे कुछ ही दिन पहले तक उनकी रेटिंग 904 तक जा पहुंची थी, उससे रेटिंग कम हुई है।

### ईशान और अभिषेक के बीच रेटिंग का काफी कम अंतर..

इस बीच भारत के ही दो बल्लेबाज पहले और दूसरे नंबर पर नजर आ रहे हैं। ईशान किशन तो पहले नंबर पर हैं ही, साथ ही अभिषेक शर्मा उनका पीछा कर रहे हैं। अभिषेक शर्मा की मौजूदा रैंकिंग 881 की है। यानी इन दोनों टॉप बल्लेबाजों के बीच काफी कम अंतर है। इस बीच बड़ी बात ये है कि इंग्लैंड के जैकब बैथल आठवें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग अब 708 की हो चुकी है। उन्हें एक साथ सात स्थानों का फायदा मिला है।

### सूर्यमार यादव टॉप 10 से बाहर

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं, इसका असर उनकी रेटिंग पर भी देखने के लिए मिल रहा है। सूर्या अब टॉप 10 से बाहर होकर सीधे 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्हें पांच स्थानों का नुकसान हुआ है। उनकी रेटिंग 687 की नजर आ रही है।

### भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज के दो मैच बाकी

भारत और इंग्लैंड के बीच इस वक्त टी20 सीरीज खेली जा रही है। अभी दो और मैच बाकी हैं। सीरीज का चौथा मैच 9 जुलाई को खेला जाएगा, वहीं आखिरी मैच 11 जुलाई को है। यानी अगले सप्ताह जब रैंकिंग फिर से अपडेट होगी तब इन दो मैचों में किया गया खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी जोड़ा जाएगा। इसके बाद फिर से इसमें बदलाव आएगा। देखना होगा कि सीरीज खत्म होने के बाद भारतीय खिलाड़ी कहां पर नजर आते हैं।

## गौरव खन्ना से तलाक के बाद दूसरी शादी नहीं करेंगी आकांक्षा चमोला, रहना चाहती हैं अकेले, बताया क्या है फ्यूचर प्लान?

डेस्क जगप्रेरणा।

*आकांक्षा चमोला ने लॉक अप सीजन 2 के प्रीमियर के दौरान खुलासा किया कि वह गौरव खन्ना से तलाक ले रही हैं। एक्ट्रेस की इस बात न सभी को हैरान कर दिया है। उनके इस बयान से जेल में हलचल मच गई और सभी कंटेस्टेंट्स उनसे इस बारे में बात करते दिखाई दिए। आकांक्षा ने बताया कि यह पहली बार है,*



जब वह अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में यह अपडेट नेशनल टेलीविजन पर शेयर कर रही है। नौवें एपिसोड में एक्ट्रेस आकांक्षा ने अपने जीवन के बारे में नया खुलासा किया और बताया कि वह तलाक के बाद कैसे आगे बढ़ने का प्लान बना रही हैं।

### आकांक्षा चमोला का अतीत पर छलका दर्द..

नेटफ्लिक्स के 'लॉक अप' में बहुत कुछ देखने को मिल रहा है और इस सीजन में सबसे ज्यादा चर्चा आकांक्षा चमोला के तलाक की घोषणा की रही है।

अब अपने दिल की बात शेयर करते हुए, आकांक्षा चमोला ने पामेला सेरेना को अपने दिल का हाल बताया है, जिसमें उन्होंने इस बारे में खुलकर बात की कि क्या वह दोबारा शादी करने के बारे में सोच रही हैं। अपने अतीत के बारे में बात करते हुए आकांक्षा ने पामेला से कहा, 'मैंने बहुत कम उम्र में शादी कर ली थी, पता है? मैं 24 साल की थी।' इस पर पामेला ने कहा, 'तुम अभी भी जवान हो, तुम्हें कोई न कोई मिल ही जाएगा।'

### आकांक्षा चमोला ने दूसरी शादी से किया इनकार..

आकांक्षा ने टीवी के सुपरस्टार गौरव खन्ना से तलाक के बाद जिंदगी के एक नए पड़ाव को अपनाने के बारे में भी बात की। आकांक्षा ने अपनी बात रखते हुए कहा, 'नहीं, मैं दोबारा शादी नहीं करना चाहती।

मुझे लगता है कि मेरा यह सफर पूरा हो गया है।' उन्होंने बताया कि वह पहली बार अकेले रहेंगी। उन्होंने आगे कहा, 'अपनी जिंदगी में पहली बार मैं अकेले रहने वाली हूं। यानी न तो अपने माता-पिता के घर में और न ही अपने पति के घर में। मेरा अपना घर होगा।'

### आकांक्षा चमोला रहना चाहतीं अकेले..

तलाक के बाद आकांक्षा चमोला कैसे रहने वाली हैं? अपने भविष्य के बारे में बात करते हुए आकांक्षा ने कहा, 'मैं जिंदगी भर अकेले ही रहूंगी' उनकी इस बात से यह तो साफ हो गया है कि वह गौरव खन्ना से डिवोर्स के बाद अपनी लाइफ अपने हिसाब से जीना चाहती हैं।

**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433







दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## हर ख़्वाब परिपूर्ण नहीं होता..

चाहने से हर ख़्वाब,तक़्दीर का हिस्सा नहीं होता,
हर मुस्कान के पीछे,ख़ुशियों का किस्सा नहीं होता।
दिल तो चाहता है,हर मंज़िल कदमों में आ जाए,
मगर हर सर का अंत,मनचाहा जैसा नहीं होता।

पाना तो हर इंसाँ,जहाँ की दौलत चाहता है,
मगर वक़्त हर किसी का,एक-सा कहाँ रहता है।
कभी किस्मत इम्तिहान लेती,कभी हालात रोक लेते,
क़भी हालात तो क़भी वक़्त साथ नहीं देता

जो बिखरकर भी सँभल जाए,वही सच्चा मुसाफिर है
जो गिरकर रि उठ खड़ा हो,वही जीवन का माहिर है।
अँधेरों की रात जितनी भी,लंबी क्यों न हो जाए
उम्मीद का सूरज आखिर,हर सुबह फिर ज़ाहिर है।

धैर्य की राह पर चलना,सबसे बड़ी कमाई है
मेहनत की हर बूँद ने ही, सफलता की फसल उगाई है।
जो विश्वास नहीं खोता,वह मंज़िल पा ही लेता है,
ईश्वर की हर देरी में भी,गहरी भलाई क़ा लम्हाँ होता है

हें किशन, न शिकवा
रखो, न किस्मत को दोष
दिया करो, हर पल,
वक़्त का प्रसाद समझ,
मुस्कुराकर जिया करो।

जो आज नहीं मिला,कल
उससे बेहतर मिल
जाएगा, विश्वास का दीप
जलाकर,जीवन-पथ पर
बढ़ा करो।


रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया


# क्या यह विश्व इतिहास का सबसे बड़ा अंतिम संस्कार हो सकता है?

वैश्विक स्तरपर मध्य-पूर्व का इतिहास केवल युद्धों,तेल,परमाणु कार्यक्रमों और कूटनीतिक संघर्षों से नहीं लिखा गया है, बल्कि ऐसे प्रतीकात्मक आयोजनों से भी लिखा गया है जिन्होंने आने वाली पीढ़ियों की राजनीति और जनमानस को प्रभावित किया।28 फ़रवरी 2026 कों ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का अंतिम संस्कार ऐसा ही एक आयोजन बनता दिखाई दे रहा है। फ़रवरी में हुए अमेरिकी-इजरायली हमले में उनकी मृत्यु के बाद सुरक्षा कारणों से अंतिम संस्कार तत्काल नहीं किया जा सका और उसे कई महीनों के लिए स्थगित करना पड़ा।

अब जुलाई में शुरू हुई बहु-दिवसीय अंतिम यात्रा को ईरानी नेतृत्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, शहादत, प्रतिरोध और राजनीतिक संदेश के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। अनेक अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के अनुसार अंतिम यात्रा तेहरान से शुरू होकर विभिन्न धार्मिक स्थलों से गुजरते हुए 9 जुलाई को मशहद में दफ़्न के साथ पूरी होगी।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र इलेक्ट्रॉनिक सोशल मीडिया में लगातार देख रहा हूं कि ईरानी सरकारी मीडिया और कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में इसे फ़्यूनरल ऑफ़ द सेंचुरी यानें शताब्दी का अंतिम संस्कार कहा जा रहा है। आयोजकों का दावा है कि पूरे कार्यक्रम में करोड़ों लोग शामिल हो सकते हैं, जबकि स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय एजेंसियाँ अभी केवल लाखों से करोड़ों तक की संभावित भीड़ का उल्लेख कर रही हैं और अंतिम संख्या की पुष्टि बाद में होने की बात कह रही हैं। कुछ रिपोर्टों में 1.5 से 2 करोड़ तथा कुछ में इससे भी अधिक उपस्थिति का अनुमान लगाया गया है, किंतु इन आँकड़ों की सटीकता से स्वतंत्र पुष्टि अभी शेष है। हालांकि यह पूरी जानकारी मीडिया से उठाई गई है।

साथियों बात अगर हम चार महीने तक सुरक्षित रखा गया पार्थिव शरीर,शिया परंपरा और अभूतपूर्व राष्ट्रीय तैयारी को समझने की करें तो,इस पूरे आयोजन का सबसे असाधारण पक्ष यह है कि अयातुल्ला खामेनेई और उनके परिवार के 4 अन्य दिवंगत सदस्यों के पार्थिव शरीरों को लगभग चार महीने तक संरक्षित रखा गया। सामान्य इस्लामी परंपरा में मृत्यु के बाद शीघ्र दफ़्न को सर्वोत्तम माना जाता है, लेकिन युद्ध, बड़े सुरक्षा संकट या अन्य असाधारण परिस्थितियों में विलंब की अनुमति दी जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस अवधि में शवों को रासायनिक संरक्षण (एम्बामिंग) के बजाय नियंत्रित तापमान वाले रेफ्रिजरेटेड कोल्ड स्टोरेज में रखा गया होगा, ताकि धार्मिक मान्यताओं का सम्मान बना रहे।युद्धकालीन परिस्थितियों के कारण अंतिम संस्कार टालना केवल धार्मिक निर्णय नहीं था,बल्कि एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति भी थी। ईरान को आशंका थी कि यदि युद्ध के दौरान इतने बड़े सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तो दुश्मन देश या आतंकी संगठन भीड़ या शीर्ष नेतृत्व को निशाना बना सकते हैं। इसी कारण अंतिम संस्कार तब तक स्थगित रखा गया जब तक व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित नहीं हो गई।

साथियों बात अगर हम तेहरान में शुरू हुए इस शोक समारोह के लिए राजधानी को अभूतपूर्व सुरक्षा घेरे में बदल दिया गया है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार सेना, पुलिस, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स,स्वयंसेवी संगठन और प्रशासनिक तंत्र को संयुक्त रूप से तैनात किया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई गई है और कुछ अवधियों के लिए हवाई क्षेत्र पर भी विशेष नियंत्रण रखा गया है। सोशल मीडिया और कुछ समाचार माध्यमों में पाँच करोड़ रोटियाँ, हजारों जल-छिड़काव केंद्र, सैकड़ों पार्किंग स्थल और करोड़ों श्रद्धालुओं जैसी तैयारियों के दावे सामने आए हैं।

हालांकि इन सभी विशिष्ट आँकड़ों की स्वतंत्र पुष्टि उपलब्ध नहीं है। इसलिए इन्हें ईरानी या अन्य मीडिया के दावों के रूप में ही देखा जाना चाहिए, न कि स्थापित तथ्य के रूप में। दूसरी ओर, यह स्पष्ट है कि आयोजन के पैमाने को देखते हुए भोजन,पेयजल, चिकित्सा सहायता,भीड़ नियंत्रण और परिवहन की सटीकता से व्यापक व्यवस्थाएँ की गई है। साथियों, इस अंतिम यात्रा को केवल एक राज्य समारोह नहीं बल्कि शिया धार्मिक संस्कृति की निरंतरता के रूप में भी प्रस्तुत किया जा रहा है। शिया परंपरा में शहादत का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है और करबला की ऐतिहासिक स्मृति आज भी धार्मिक और राजनीतिक चेतना का आधार मानी जाती है। इसी कारण ईरानी नेतृत्व खामेनेई की मृत्यु को राष्ट्रीय प्रतिरोध और धार्मिक धैर्य के प्रतीक के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रहा है

।दूसरी ओर, यह भी सत्य है कि ईरान के भीतर सभी नागरिक इस आयोजन को एक समान दृष्टि से नहीं देखते। निर्वासित विपक्षी समूह और कुछ आलोचक इसे राज्य- प्रायोजित राजनीतिक प्रदर्शन बताते हैं, जबकि समर्थकों के लिए यह राष्ट्रीय सम्मान और श्रद्धांजलि का अवसर है। इसलिए यह अंतिम संस्कार केवल शोक का नहीं, बल्कि ईरान के भीतर मौजूद राजनीतिक मतभेदों का भी दर्पण बन गया है।

साथियों बात अगर हम मुस्लिम देशों की प्रतिक्रियाः एकजुटता और व्यावहारिक राजनीति का मिश्रण को समझने की करें तो रिपोर्टों के अनुसार लगभग 30 देशों के प्रतिनिधिमंडलों के शामिल होने की संभावना जताई गई है। रूस, पाकिस्तान तथा क्षेत्र के कई देशों के प्रतिनिधियों के आने की खबरें हैं, जबकि अधिकांश पश्चिमी देशों की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय बनी हुई है। इससे यह संकेत मिलता है कि कईमुस्लिम और क्षेत्रीय देश ईरान के साथ संवाद बनाए रखना चाहते हैं, भले ही उनकी अपनी विदेश नीतियाँ अलग-अलग हों।क्या यह सचमुच विश्व इतिहास का सबसे बड़ा अंतिम संस्कार हो सकता है?इतिहास में अनेक विशाल अंतिम संस्कार हुए हैं, जिनमें 1989 में अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी का अंतिम संस्कार भी शामिल है, जिसमें लगभग एक करोड़ लोगों की उपस्थिति का व्यापक उल्लेख मिलता है।

वर्तमान आयोजन के बारे में कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कि इसकी भीड़ उस रिकॉर्ड को भी पार कर सकती है। हालांकि अंतिम और स्वतंत्र रूप से सत्यापित आँकड़े उपलब्ध होने के बाद ही यह निश्चित रूप से कहा जा सकेगा कि यह वास्तव में विश्व का सबसे बड़ा अंतिम संस्कार था या नहीं।यह अंतिम संस्कार केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि मध्य-पूर्व की बदलती शक्ति-संरचना का भी प्रतीक माना जा रहा है। ईरान अपने समर्थक समूहों और सहयोगी देशों को यह संदेश देना चाहता है कि नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद उसकी राजनीतिक और सैन्य संरचना कायम है। दूसरी ओर अमेरिका, इज़राइल और उनके सहयोगी इस पूरे घटनाक्रम पर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि यह आयोजन भविष्य की वार्ताओं, क्षेत्रीय गठबंधनों और सुरक्षा समीकरणों को प्रभावित कर सकता है।


साथियों, इस समारोह में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के आने की भी खबरें हैं। चीन ने वरिष्ठ प्रतिनिधि भेजने की घोषणा की है, जबकि क्षेत्रीय सहयोगी देशों और कई धार्मिक प्रतिनिधि मंडलों की भागीदारी की भी सूचना है। भारत से भी कुछ सार्वजनिक हस्तियों के शामिल होने की मीडिया रिपोर्टें सामने आई हैं, हालांकि आधिकारिक भारतीय सरकारी प्रतिनिधित्व की प्रकृति अलग-अलग रिपोर्टों में भिन्न बताई गई है। इस प्रकार यह आयोजन केवल एक अंतिम संस्कार नहीं रह गया है; यह ईरान की आंतरिक राजनीति, शिया धार्मिक पहचान, राष्ट्रीय सुरक्षा, जन-समर्थन और वैश्विक कूटनीति का संगम बन गया है। आने वाले वर्षों में इतिहासकार संभवतः इसे केवल एक धार्मिक घटना नहीं बल्कि 21वीं सदी के सबसे प्रभावशाली राजनीतिक - प्रतीकात्मक आयोजनों में से एक के रूप में भी सटीकता से देखेंगे।

साथियों बात कर हम अमेरिका पर प्रभावः कूटनीतिक दबाव और नई रणनीतिक चुनौती को समझने की करें तो यदि अंतिम संस्कार में विशाल जनसमूह और अनेक देशों के प्रतिनिधि मंडल शामिल होते हैं,तो यह अमेरिका के लिए केवल एक शोक समारोह नहीं बल्कि एक राजनीतिक संदेश भी होगा।ईरान इस आयोजन को राष्ट्रीय एकता,प्रतिरोध और अपनी राज्य व्यवस्था की निरंतरता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। कई विश्लेषकों का मानना है कि तेहरान इस अवसर का उपयोग अमेरिका और उसके सहयोगियों पर मनोवैज्ञानिक तथा कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए भी कर सकता है।

साथियों बात अगर हम भारत की भूमिकाः संतुलित कूटनीति की परीक्षा को समझने की करें तो भारत के लिए ईरान एक महत्वपूर्ण ऊर्जा, संपर्क और क्षेत्रीय साझेदार है, वहीं अमेरिका भी उसका प्रमुख रणनीतिक सहयोगी है। इसलिए भारत की नीति परंपरागत रूप से संतुलन की रही है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार भारत से प्रतिनिधिमंडल और कुछ सार्वजनिक हस्तियों ने श्रद्धांजलि कार्यक्रमों में भाग लिया है, जबकि भारत आधिकारिक स्तर पर क्षेत्रीय शांति, संवाद और स्थिरता का समर्थन करता रहा है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे के यदि इस अंतिम संस्कार में वास्तव में अभूतपूर्व जनसमूह और व्यापक अंतरराष्ट्रीय भागीदारी दर्ज होती है, तो यह केवल एक नेता की विदाई नहीं बल्कि ईरान की राजनीतिक पहचान,शिया धार्मिक परंपरा और क्षेत्रीय प्रभाव का प्रदर्शन भी माना जाएगा।साथ ही, यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि भीड़ के आकार,भाग लेने वाले देशों की संख्या और आयोजन से जुड़े कई दावे अभी भी विभिन्न मीडिया रिपोर्टों और आधिकारिक बयानों पर आधारित हैं;इनके सभी पहलुओं की स्वतंत्र पुष्टि समय के साथ अधिक स्पष्ट होगी

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 211




बायें से दायें :– 1) अखिल भारतीय कॉंग्रेस की वर्तमान अध्यक्षा 5) साधुओंद्वारा की जानेवाली एक घोषणा 10) इल्जाम 13) खोज 15) बारह राशियों में से एक 16) कागज पर लिखा हुआ मिटाने का एक साधन 18) फिल्म शोले का सुरमा भोपाली 20) अरब का वह स्थान जहां इमाम हुसैन मारे गए थे 22) अपरिचित 23) रत्न का अपभ्रंश 25) मृत्यू 26) त्रुटी और कमी 28) उचित 30) तैयार करना, रचना, मूर्ख ठहराना 31) ऋषियों या तपस्वीयों का निवास स्थान 32) एक सेर का सोलहवां भाग 33) अभिप्राय, विचार 34) सरोवर, जलाशय 36) पचानेवाला 37) असर 38) ललाट, मस्तक 39) आराम, सुख 40) पानी ... अचूक (उपाय) 55) दिया गया वचन 57) हालत 58) स्व. इंदिरा गांधीजी के एक पुत्र का नाम 59) 'वह' का विरुद्धार्थी शब्द 60) आलोचना करना अर्थवाला एक मुहावरा, नामकरण करना 63) अनुकरण करने योग्य व्यक्ति, कोई अनुकरणीय गुण 64) चतुराई, बुद्धिमानी, युक्ति 66) विचरा 68) वल्ली, बेल 70) सुन्दर, मनोहर 72) कृत्रिम जलमार्ग 74) बुद्धि 76) हार 79) आक्रमण 82) मनुष्यता 84) बहुत घना, भीषण 86) बदनीयती 87) रामायण में सीता के पिता 88) जिले का प्रशासनिक दृष्टि से किए गए विभाग, तालुका 90) शत्रुता 91) सन की सुतली से बनाया गया या मोटा खुरदरा कपड़ा 92) विष्णु पत्नी 93) नारी 94) यज्ञ, याग 95) बाकी रहना

114) केरल राज्य का लोकनृत्य 115) चार युगों में से तिसरा युग 116) अल्प, थोड़ा, निराला

ऊपर से नीचें :– 1) चन्द्रमा, सप्ताह का एक दिन 2) कमरे आदि से बाहर आना 3) मित्र, दोस्त 4) धैर्य 5) अरब देश की भाषा 6) जोशीमनरा 7) बहलाव 8) विश्व, सृष्टी 9) पुरानी फिल्म आशिकी की संगीतकार जोड़ी 11) मनाई, अटकाव 12) सुरक्षा के दृष्टि से किले की सीमा पर बनाई गयी दीवार 13) विवाह विच्छेद 14) शैतानी 17) तैयार होना 19) उत्कृष्ट, मुख्य, पहिला 21) कायम 22) दुर्बल स्त्री 24) पेड़ का धड़ 27) सपाट 28) उत्तर प्रदेश का एक शहर जहां देश का सबसे बड़ा रेल यार्ड है 29) एक तार वाद्य 30) लड़कपन, बाल्यावस्था 31) कृतज्ञता व्यक्त करना, धन्यवाद देना 32) द्रव आदि का बर्तन से ऊपर उठकर बाहर आना 35) बाजू, काख 36) जाल, फंदा, फांस 38) बोझा ढोनेवाला 41) जयपुर की एक दर्शनीय इमारत 43) नाव का वह अंग या पुरजा जो नाव के पीछे की ओर लगा होता है 44) अनिष्टचिंतन 46) धैर्य 48) खड्ग 50) गिनती 53) जली हुई लकड़ी का वह भाग जो पूरी तरह से राख न हुआ हो 56) प्रविष्ट 58) सन्तान, पुत्र–पुत्री 61) रोगी 62) निकम्मा, अयोग्य 64) मृग 65) ममत्व, अपनापन, मां का स्नेह 67) वह कांड जिसपर लालूप्रसाद यादव पर आरोप है 69) वातावरण का तापमान गिनने का यंत्र 71) विष्ठा, गंदगी 73) रेल या बस स्टैण्ड पर बोझा ढोनेवाला 75) सुबह 77) राजा की पत्नी 78) यज्ञ याग आयोजित करनेवाला 80) शरीर 81) दया 83) वन में घुमनेवाला 84) शादी करना 85) किसी शब्द या वाक्य को बारबार याद करना 89) पढ़ना, ज्ञान प्राप्त करना 92) किसी शब्द का बार बार उच्चारण करना 95) मेवे में शामिल एक फल 97) गीला 98) चक्रमध्य, पहिये का बिचला भाग, तोंदी 100) वृक्ष की बहुत पतली शाखा 101) वंदन 102) दौड़नेवाला 104) उदासी 105) सम्मान 106) हड्डी 108) एक प्राचीनकालीन वाहन 110) कुआं 111) हृदय, वक्ष 112) फुलों का हार (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब







जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## जुलाई में बढ़ेगी मानसून की बारिश, खरीफ फसलों की बुवाई में तेजी आएगी: चौहान..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि जुलाई में मानसून की बारिश तेज होने की उम्मीद है, जिससे इस मौसम की धीमी शुरुआत के बाद खरीफ फसलों की बुवाई में मदद मिलेगी।***



चौहान ने एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि जुलाई में कुल बारिश की कमी जून के 33 प्रतिशत से घटकर 24 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में देश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश होने के कारण बारिश की कमी वाले जिलों की संख्या 262 से घटकर 178 रह गई है।

चौहान ने कहा कि सरकार महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा सहित 13 राज्यों में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2026 के सत्र में अब तक खरीफ फसलों के तहत कुल बुवाई का रकबा एक साल पहले के चार करोड़ 12.8 लाख हेक्टेयर की तुलना में 21 प्रतिशत घटकर तीन करोड़ 50.85 लाख हेक्टेयर रह गया है।

चौहान ने कहा कि मानसून की देरी से शुरुआत ने विशेष रूप से सोयाबीन और कपास की बुवाई को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को सलाह दी गई है कि वे कम समय में तैयार होने वाली और कम पानी की जरूरत वाली फसलों, जैसे मक्का, बाजरा और मूंग की खेती को अपनाएं।

चौहान ने कहा कि सरकार अप्रैल से ही मानसून पर संभावित अल-नीनो के असर से निपटने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के साथ मिलकर अधिकारियों ने प्रभावित होने की संभावना वाले जिलों के लिए आपातकालीन योजनाएं तैयार कीं और उन्हें पहले ही राज्य सरकारों के साथ साझा किया।

मंत्रालय के अनुसार, जून में आयोजित 'खेत बचाओ अभियान' के तहत देश भर में 1,24,000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनसे सीधे तौर पर 80 लाख से अधिक किसान जुड़े। चौहान ने कहा कि बुवाई का काम बिना रुकावट जारी रखने के लिए सरकार ने लगभग 1,75,000 क्विंटल का राष्ट्रीय बीज भंडार बनाए रखा है।

उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने का अभियान तेज कर दिया गया है, जिससे किसानों को सब्सिडी वाले ऋण मिल सकें। 30 जून तक मिले 1,14,000 आवेदनों में से 94,000 से ज्यादा को मंजूरी दी जा चुकी है।

चौहान ने कहा कि 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' में किसानों के पंजीकरण को बढ़ाने की कोशिशें भी तेज की जा रही हैं। यह योजना खराब मौसम से होने वाले नुकसान के ख़िलाफ आर्थिक सुरक्षा देती है। उन्होंने बताया कि अल नीनो निगरानी प्रकोष्ठ, फसल मौसम निगरानी समूह, राज्य-स्तरीय नियंत्रण कक्ष और अधिकारी मानसून की प्रगति, फसल की बुवाई, फसल की स्थिति और बाजार के रुझानों पर नजर रख रहे हैं। चौहान ने कहा कि मानसून से जुड़ी किसी भी चुनौती के असर को कम करने के लिए पूरी प्रणाली पहले से ही सक्रिय कर दिया गया है।

## आईएमएफने वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर तीन प्रतिशत किया

वाशिंगटन, (एपी)।

***अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बुधवार को ईरान युद्ध से पैदा हुए ऊर्जा संकट का हवाला देते हुए इस वर्ष के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के अपने अनुमान में मामूली कटौती की है।***




आईएमएफ ने अब अनुमान लगाया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2026 में धीमी तीन प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह पिछले साल की 3.5 प्रतिशत वृद्धि और अप्रैल में लगाए गए 3.1 प्रतिशत के अनुमान से कम है। आईएमएफका अनुमान है कि 2027 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान ने 28 फरवरी को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया था, जहां से दुनिया के कुल कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का पांचवां हिस्सा आता है। इसके कारण ऊर्जा की कीमतें आसमान छूने लगीं, जिससे व्यवसायों और उपभोक्ताओं पर दबाव बढ़ा।

आईएमएफके शोध विभाग की उप निदेशक पेट्या कोएवा ब्रूक्स ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, ÷वैश्विक अर्थव्यवस्था ने युद्ध से पैदा हुए झटके का सामना उम्मीद से बेहतर तरीके से किया है।'' उन्होंने कहा कि ऊर्जा संकट से आर्थिक नुकसान सीमित रहा है, क्योंकि कई देशों ने अपने मौजूदा तेल भंडार का इस्तेमाल किया और फारस की खाड़ी के बाहर तेल निर्यातक देशों ने उत्पादन बढ़ाया।

आईएमएफके अनुसार, वे देश जो खुद ऊर्जा का उत्पादन और निर्यात करते हैं तथा कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश से लाभ उठा रहे हैं, वे युद्ध के आर्थिक प्रभाव से अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। इनमें अमेरिका भी शामिल है। आईएमएफने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका की वृद्धि दर इस साल 2.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो 2025 के 2.1 प्रतिशत से अधिक है और अप्रैल के अनुमान के समान है। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 2025 की कर कटौती, उत्पादकता में बड़ी वृद्धि और मजबूत शेयर बाजार भी अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन के इस साल 4.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह 2025 के पांच प्रतिशत से कम है, लेकिन अप्रैल में आईएमएफके अनुमान से कुछ बेहतर है। ऊंची ऊर्जा कीमतों और संपत्ति बाजार में गिरावट से प्रभावित चीनी अर्थव्यवस्था को सरकारी खर्च, उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण में तेजी और निर्यात में वृद्धि से मदद मिल रही है। आईएमएफने एक बार फिर भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताया है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर इस साल 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की 7.7 प्रतिशत की तेज वृद्धि से कम है। भारत की वृद्धि को मजबूत उपभोक्ता खर्च से समर्थन मिल रहा है। आईएमएफ 191 देशों का एक अंतरराष्ट्रीय ऋण संस्थान है, जिसका उद्देश्य आर्थिक वृद्धि और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देना तथा वैश्विक गरीबी को कम करना है।

## एनसीएलटी ने बीपीएल के खिलाफ मॉर्गन सिक्योरिटीज की 1,323 करोड़ रुपये की दिवाला याचिका खारिज की..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मॉर्गन सिक्योरिटीज एंड क्रेडिट्स प्राइवेट लिमिटेड (एमएससीपीएल) की बीपीएल के खिलाफदायर दिवाला याचिका खारिज कर दी है।***

न्यायाधिकरण ने कहा कि 1,323.70 करोड़ रुपये की चूक (डिफॉल्ट) का दावा एक समयसीमा के भीतर करना था और यह दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) का इस्तेमाल कर्ज वसूली के साधन के रूप में करने के समान है।

एनसीएलटी की कोच्चि पीठ ने कहा कि यह याचिका मध्यस्थता प्रक्रिया, अपीलीय उपायों और वसूली कार्यवाही पहले ही शुरू करने के बाद आईबीसी के जरिये राशि वसूलने का प्रयास है।

एनसीएलटी ने सात जुलाई के अपने आदेश में कहा, ÷मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए न्यायाधिकरण का मत है कि वर्तमान कार्यवाही मूल रूप से कई वर्षों तक मध्यस्थता, अपीलीय कार्यवाही और वसूली उपाय अपनाने के बाद पंचाट आदेश (अवार्ड) के तहत दावा की गई शेष राशि की वसूली का प्रयास है। इस तरह दिवाला प्रक्रिया का इस्तेमाल संहिता के उद्देश्य और प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।÷

एनसीएलटी का यह फैसला एमएससीपीएल द्वारा दायर धारा सात के आवेदन पर आया है।

मॉर्गन सिक्योरिटीज ने उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और स्वास्थ्य सेवा उपकरण बनाने वाली कंपनी बीपीएल के खिलाफ वर्ष 2002-03 के 'बिल डिस्काउंटिंग' के लेन-देन से जुड़े 1,323.70 करोड़ रुपये के कथित वित्तीय ऋण के कारण कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने की अपील की थी। बिल डिस्काउंटिंग एक अल्पकालिक वित्तीय प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से विक्रेता अपने बकाया इनवॉइस को बैंक या वित्तीय संस्थान को बेचकर तुरंत नकदी प्राप्त कर सकता है। मॉर्गन सिक्योरिटीज का तर्क था कि बीपीएल ने 2002 और 2003 में दी गई बिल डिस्काउंटिंग की सुविधाओं के तहत पुनर्भुगतान दायित्वों में चूक की थी। कंपनी के अनुसार, यह देनदारी दिसंबर, 2016 में पारित एक मध्यस्थता आदेश के माध्यम से तय हुई थी, जिसे बाद में दिसंबर, 2025 में उच्चतम न्यायालय ने भी बरकरार रखा था। लेनदार का दावा था कि वसूलियों और अदालत के निर्देश पर किए गए भुगतानों के बावजूद, 1,323 करोड़ रुपये से अधिक की राशि बकाया है। हालांकि, बीपीएल ने इस याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया कि मूल चूक जून, 2007 की थी और मार्च, 2026 में दायर की गई दिवाला याचिका समय-बाधित थी। कंपनी ने यह भी प्रस्तुत किया कि पर्याप्त भुगतान पहले ही किया जा चुका है और यह दावा काफी हद तक मूल बकाया के बजाय ब्याज से संबंधित है।

## एफएसएसएआई के नोटिस पर हेरिटेज फूड्स का जवाब, 'फ्रेश पनीर' केवल उत्पाद का विवरण..

हैदराबाद/नई दिल्ली, (भाषा)।

***हेरिटेज फूड्स लिमिटेड ने अपने उत्पाद की पैकिंग पर फ्रेश पनीर यानी ताजा पनीर शब्द के इस्तेमाल को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई)***



की ओर से जारी कारण बताओ नोटिस का विस्तृत जवाब सौंप दिया है। कंपनी ने कहा कि लेबल उत्पाद की वास्तविक प्रकृति को सही तरीके से दर्शाता है और इससे उपभोक्ताओं को गुमराह नहीं किया जा रहा।

हेरिटेज फूड्स लिमिटेड ने कहा कि 'फ्रेश पनीर' शब्द का इस्तेमाल पनीर की प्राकृतिक विशेषता को बताने के लिए किया गया है। यह 'पाश्चराइज्ड' दूध से तैयार किया गया ताजा डेयरी उत्पाद है, जिसे सीमित अवधि तक 'रेफ्रिजटर' में रखकर इस्तेमाल किया जा सकता है।

कंपनी ने कहा कि यह किसी बढ़ा-चढ़ाकर किए गए गुणवत्ता संबंधी दावे को नहीं दर्शाता है। एफएसएसएआई की ओर से उसके 'फ्रेश पनीर' (ताजा पनीर) उत्पाद की पैकिंग पर इस्तेमाल किए गए कुछ शब्दों को लेकर जारी कारण बताओ नोटिस पर कंपनी ने कहा कि उसने नियामक को विस्तृत जवाब सौंप दिया है।

कंपनी ने खाद्य सुरक्षा, नियामकीय अनुपालन और उपभोक्ता पारदर्शिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कंपनी ने कहा, ÷हेरिटेज फूड्स ने स्पष्ट किया है कि 'फ्रेश पनीर' शब्द का इस्तेमाल केवल उत्पाद की वास्तविक प्रकृति बताने के लिए किया गया है, न कि किसी बढ़ा-चढ़ाकर या भ्रामक गुणवत्ता दावे के रूप में। पनीर मूल रूप से एक ताजा डेयरी उत्पाद है।'' कंपनी ने कहा कि 'फ्रेश' शब्द का इस्तेमाल बाजार में उपलब्ध जमे हुए, संरक्षित या लंबे समय तक सुरक्षित रहने वाले अन्य उत्पादों से इसे अलग पहचान देने के लिए किया गया है।

उसने कहा कि पैकिंग पर निर्माण तारीख, उपयोग की अंतिम तारीख और भंडारण संबंधी निर्देश जैसी सभी अनिवार्य जानकारियां दी गई हैं, जिससे उपभोक्ता सोच-समझकर खरीदारी का निर्णय ले सकें।

हेरिटेज फूड्स ने कहा कि 'फ्रेश पनीर' शब्द केवल उत्पाद का विवरण है और डेयरी उद्योग में इस तरह के उत्पादों के लिए इसका व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है।

कंपनी ने पैकिंग पर लिखे 'हेल्थ एंड हैप्पीनेस' वाक्यांश को लेकर एफएसएसएआई की टिप्पणियों पर कहा कि यह उसका पुराना कॉरपोरेट स्लोगन है, जो सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने की उसकी सोच को दर्शाता है। कंपनी ने कहा कि इसका इस्तेमाल पनीर के लिए किसी स्वास्थ्य या पोषण संबंधी दावे के रूप में नहीं किया गया है।

## बीएमडब्ल्यू इंडिया को 2026 में पहली बार 20,000 वाहनों की बिक्री की उम्मीद

नई दिल्ली, (भाषा)।

***लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ने भारत में इस साल पहली बार 20,000 इकाइयों की सालाना बिक्री का लक्ष्य रखा है। कंपनी को 2026 की पहली छमाही में रिकॉर्ड बिक्री और इलेक्ट्रिक वाहनों***



(ईवी) एवं छोटे शहरों से बढ़ती मांग से समर्थन मिला है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने जनवरी-जून, 2026 के दौरान 9,075 कारों की बिक्री की, जो सालाना आधार पर 17 प्रतिशत अधिक होने के साथ अब तक की सर्वाधिक छमाही बिक्री है। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी ने 4,507 कारें बेचीं, जो 17 प्रतिशत की वृद्धि है।

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरदीप सिंह बरार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ÷हम पहली बार 20,000 इकाइयों का आंकड़ा पार करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।÷

उन्होंने कहा कि कंपनी को वर्ष की दूसरी छमाही में भी दहाई अंक की मजबूत वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। बरार ने कहा कि नए उत्पादों की पेशकश, ईवी की बढ़ती मांग, दूसरी एवं तीसरी श्रेणी के शहरों से मांग, लंबे व्हीलबेस वाले मॉडल और ग्राहक अनुभव पर ध्यान जैसे बिंदुओं ने प्रदर्शन को मजबूती दी है। उन्होंने कहा, ÷वर्ष की शुरुआत में हमने करीब 25 मॉडल पेश करने की घोषणा की थी। इनमें से 11 मॉडल पहली छमाही में पेश किए जा चुके हैं, जबकि शेष 14 मॉडल साल के बाकी हिस्से में पेश किए जाएंगे।÷ ईवी की मांग पर उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव और ईंधन कीमतों को लेकर चर्चा के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुझान बढ़ा है।

पहली छमाही में कंपनी ने 2,359 ईवी की आपूर्ति की, जो सालाना आधार पर 78 प्रतिशत अधिक है। कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले 18 प्रतिशत थी। कंपनी ने कहा कि 'मिनी' ब्रांड ने पहली छमाही में 504 कारों की बिक्री की, जो 70 प्रतिशत की वृद्धि है, जबकि मोटरसाइकिल इकाई बीएमडब्ल्यू मोटोराड ने 2,327 इकाइयों की आपूर्ति की।

## अमेरिका-ईरान युद्ध, रुपये में गिरावट से सभी तेल-तिलहन के दाम मजबूत

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अमेरिका-ईरान के बीच टकराव बढ़ने तथा डॉलर के मजबूत होने के बाद रुपये के मूल्य में आई गिरावट के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में बुधवार को सभी खाद्य तेल-तिलहनों के दाम मजबूत हो गये। त्योहारी मांग के कारण भी खाद्य तेलों की मजबूती को समर्थन मिला।***

मलेशिया और शिकॉगो एक्सचेंज मजबूत चल रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच फिर से टकराव बढ़ने के साथ डॉलर के मजबूत होने तथा रुपये के कमजोर होने के कारण आयात महंगा होने से सभी आयातित खाद्य तेलों के दाम मजबूत हुए। इस मजबूती का असर बाकी अन्य सभी खाद्य तेल-तिलहनों पर भी हुआ जिनके दाम मजबूत हो गये। अगले महीने की त्योहारों की मांग के असर से भी इस मजबूती के रुख को बल मिला।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बुधवार को रुपया 52 पैसे लुढ़ककर 95.48 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपये के कमजोर होने से आयातित खाद्य तेलों के साथ-साथ बाकी अन्य सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत हो गये।

सूत्रों ने कहा कि सरसों की मांग वैसे कमजोर बनी हुई है क्योंकि इसके दाम ऊंचे हैं। पर आयातित तेलों की मजबूती के बाद सरसों तेल-तिलहन के दाम भी मजबूत हो गये।

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, महाराष्ट्र के लातूर में प्लांट वालों को जब किसानों से नीचे दाम पर माल नहीं मिला तो उन्होंने सोयाबीन का खरीद दाम कल के 7,440 रुपये से बढ़ाकर बुधवार को 7,551 रुपये क्विंटल कर दिया।

जिस कारण, सोयाबीन तेल-तिलहन में भी मजबूती रही। बाकी खाद्य तेलों के दाम मजबूत रहने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम भी मजबूत हो गये।

मूंगफली का तेल, बिनौले और सूरजमुखी की कमी को पूरा कर रहा है। मलेशिया एक्सचेंज के मजबूत रहने से पाम-पामोलीन भी तेजी रही। नगण्य उपलब्धता और मांग बढ़ने से बिनौला तेल कीमतों में भी सुधार आया।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे..

सरसों तिलहन - 7,750-7,775 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,850-7,425 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,800 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,530-2,830 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,630-2,730 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,630-2,780 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,400 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,200 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,700 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,050 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,400 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,175-7,225 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,025-7,100 रुपये प्रति क्विंटल।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर हट्टा

● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव



विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# स्टाफ की कमी से पशु चिकित्सालय बीमार, कृषि समिति सभापति ने कलेक्टर का ध्यान कराया आकृष्ट

जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद पंचायत लांजी की कृषि समिति के सभापति टुम्मन घोरमारे ने कलेक्टर बालाघाट को पत्र लिखकर लांजी क्षेत्र के पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकीय स्टाफकी कमी पर चिंता व्यक्त की है।***



उन्होंने जनहित एवं कृषक हित को ध्यान में रखते हुए पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त चिकित्सक एवं कर्मचारियों की तत्काल पदस्थापना कर नियमित सेवाएं बहाल करने की मांग की है। जनपद पंचायत लांजी आदिवासी एवं कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां अधिकांश परिवार कृषि और पशुपालन पर निर्भर हैं। ऐसे में समय पर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। लेकिन लांजी क्षेत्र के पशु चिकित्सालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी के कारण पशु चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

लांजी विकासखण्ड के अंतर्गत लांजी, कारंजा एवं मोहझरी पशु चिकित्सालय है एवं साडरा, कोचेवाही, मनेरी एवं नेवरवाही पशु औषधालय है। इन सभी स्थानों में पद अनुरूप पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सक सहित अन्य पद रिक्त हैं, जिसके चलते पशु पालकों एवं किसानों को इन पशु चिकित्सालयों व औषधालयों का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

विकासखण्ड पशु चिकित्सालय लांजी की बात करें तो यहां विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी का एक पद स्वीकृत हैं जिस पर पदस्थ डॉक्टर की मूल पदस्थापना खैरलांजी की है। पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ का एक पद जो रिक्त हैं। सहायक पशु चिकित्साक्षेत्र अधिकारी के तीन पद स्वीकृत हैं जिसमें एक पद रिक्त हैं। पशु परिचारक का एक पद स्वीकृत हैं जो कि अतिप्रभार पर है। इसके अलावा भृत्य, ड्रेसर, वेक्सीनेटर, पूर्णकालीन स्वच्छताकर्मी, अंशकालीन स्वच्छताकर्मी सभी के एक -एक पद स्वीकृत हैं जो रिक्त जिसकी भर्ती किया जाना आवश्यक है।

पशु चिकित्सालय कारंजा की बात करें तो यहां पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ का एक पद जो रिक्त हैं। सहायक पशु चिकित्साक्षेत्र अधिकारी के दो पद स्वीकृत हैं जिसमें एक पद रिक्त हैं एवं एक अंशकालीन स्वच्छताकर्मी पदस्थ हैं। यहां पशु परिचारक, ड्रेसर, वेक्सीनेटर, पूर्णकालीन स्वच्छताकर्मी, भृत्य सभी के एक -एक पद स्वीकृत हैं जो रिक्त जिसकी भर्ती किया जाना आवश्यक है। पशु चिकित्सालय मोहझरी में पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ का एक पद जो कि अतिप्रभार बैहर पदस्थापना हैं। सहायक पशु चिकित्साक्षेत्र अधिकारी के दो पद स्वीकृत हैं जिसमें एक पद रिक्त हैं एवं एक जो है वह भी अतिप्रभार किरनापुर पदस्थापना है। परिचारक भी अतिप्रभार परसवाड़ा पदस्थापना है। इसके अलावा यहां ड्रेसर, वेक्सीनेटर, पूर्णकालीन स्वच्छताकर्मी, अंशकालीन स्वच्छताकर्मी, भृत्य सभी के एक -एक पद स्वीकृत हैं जो रिक्त जिसकी भर्ती किया जाना आवश्यक है।

इसके अलावा सभी पशु औषधालयों में सहायक पशु चिकित्साक्षेत्र अधिकारी एवं परिचारक का एक -एक पद स्वीकृत हैं किन्तु साडरा में परिचारक का पद रिक्त हैं। नेवरवाही में सहायक पशु चिकित्साक्षेत्र अधिकारी एवं परिचारक दोनों पद रिक्त हैं। मनेरी में परिचारक का पद रिक्त हैं।

नेवरवाही पशु औषधालय में एक भी स्टाफ उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीणों को उपचार के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्षा ऋतु में पशुओं में संक्रामक रोग फैलने की आशंका अधिक रहती है, ऐसे में चिकित्सकीय व्यवस्था कमजोर होने से पशुधन के साथ किसानों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

श्री घोरमारे ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश जारी कर सभी पशु चिकित्सालयों एवं औषधालयों में पर्याप्त स्टाफकी शीघ्र पदस्थापना सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही, स्थानांतरित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था होने तक अस्थायी पदस्थापना कर पशु चिकित्सा सेवाओं को निर्बाध रूप से संचालित रखने की मांग की है।

# सराफा व्यापारी से लूटकांड, व्यापारियों में आक्रोश, विधायक से बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग..

जगप्रेरणा लांजी।

***विगत रविवार की रात सराफ व्यापारी कपिल आसटकर के साथ आमगांव रोड पर हुई बड़ी लूट की घटना के विरोध में नगर व्यापारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे के निवास पर संघ अध्यक्ष गौरीशंकर सातपुते की अध्यक्षता में आयोजित की गई।***



बैठक में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे सहित व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक में व्यापारियों ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं नगर में व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने की मांग उठाई। व्यापारियों ने कहा कि लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से व्यापारियों में भय और असुरक्षा का माहौल है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को रात्रि गश्त बढ़ाने, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी मजबूत करने तथा प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

## विधायक राजकुमार कर्राहे ने की मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक से चर्चा

बैठक के दौरान विधायक राजकुमार कर्राहे ने पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर चर्चा कर मामले में त्वरित कार्रवाई एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आग्रह किया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यापारियों से संवाद करते हुए भरोसा दिलाया कि लूट एवं चोरी की घटनाओं में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है तथा व्यापारियों से भी आवश्यक सहयोग की अपील की।

बैठक में प्रमुख रूप से ओमकार आसटकर, झनकार किरनापुरे, आशीष दुग्गड, संतोष सोनी, शैलेश उरकुड़े, प्रवीण अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, बब्लू खानोरकर, सचिन अग्रवाल, किशोर रामटेक्कर, अमीर भाई, योगेन्द्र मिश्रा, गिरीश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

व्यापारी संघ ने प्रशासन से मांग की कि नगर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए, ताकि व्यापारी वर्ग निर्भय होकर अपना व्यवसाय संचालित कर सके।

# आईआईटी खड़कपुर के 72वें दीक्षांत समारोह में किरनापुर के अश्विनी देव मेश्राम को पीएचडी की उपाधि..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***स्थानीय क्षेत्र के लिए एक बेहद गौरवशाली क्षण में, किरनापुर निवासी अश्विनी देव पिता डी डी मेश्राम को देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान*** **(IIT)** ***खड़कपुर द्वारा पीएचडी*** **(Ph.D.)** ***की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।***







आईआईटी खड़कपुर के 72वें दीक्षांत समारोह के भव्य आयोजन में उन्हें यह उपाधि इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन **(Electric Electronic Communication)** के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट शोध और योगदान के लिए प्रदान की गई।

## कड़े संघर्ष और प्रतिभा का परिणाम

अश्विनी देव मेश्राम की इस ऐतिहासिक सफलता पर पूरे किरनापुर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। देश के सबसे कठिन और शीर्ष तकनीकी संस्थानों में से एक से शोध उपाधि प्राप्त करना उनकी कड़ी मेहनत, निरंतर शोध और विषय के प्रति गहरी लगन को दर्शाता है। उनके इस शोध से आने वाले समय में इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन के क्षेत्र में नई तकनीकों को बढ़ावा मिलेगा।

## बोली डॉ. अश्विनी देव मेसराम..

÷यह सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि मेरे माता-पिता के आशीर्वाद और पूरे किरनापुर क्षेत्र के सहयोग व स्नेह की जीत है।÷

## क्षेत्र में बधाई का तांता

जैसे ही अश्विनी को पीएचडी की उपाधि मिलने की खबर किरनापुर पहुंची, बधाई देने वालों का तांता लग गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

लोगों का कहना है कि अश्विनी ने अपनी इस अभूतपूर्व उपलब्धि से न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। वह क्षेत्र के अन्य युवाओं और छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं।

# शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में दीक्षारंभ समारोह एवं 'मानसिक स्वास्थ्य व पर्यावरण' पर राष्ट्रीय कार्य बल कार्यक्रम का भव्य आयोजन..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***8 जुलाई 2026: दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में दिनांक 8 जुलाई 2026 को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 'दीक्षारंभ - छात्र प्रेरण कार्यक्रम' तथा राष्ट्रीय कार्य बल (ह्ल्रस्न) के अंतर्गत 'मानसिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण' विषय पर एक दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***



कार्यक्रम के शुभ अवसर पर महाविद्यालय परिसर में मां सरस्वती एवं शारदा मां की प्रतिमा का आध्यात्मिक अनुष्ठान के साथ स्थापना पूजन भी संपन्न हुआ।

## अतिथियों का स्वागत एवं शुभारंभ

कार्यक्रम की अध्यक्षता लांजी-किरनापुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय राजकुमार कर्राहे ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा के कुलगुरु प्रोफेसर इंद्र प्रसाद त्रिपाठी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री उत्कृष्ट शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के प्राचार्य डॉ. अशोक मराठे मंचासीन रहे।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात सभी नवागंतुक विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। मंच पर उपस्थित समस्त सम्मानीय अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

## विचारों का आदान-प्रदान और प्रेरणादायी उद्बोधन

प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन ने अपने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और नवप्रवेशित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक मराठे ने छात्र जीवन के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने और अनुशासित रहने का मार्गदर्शन दिया। मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. इंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ मस्तिष्क ही देश के विकास में सही योगदान दे सकता है।

मुख्य वक्ता अवनीश भटनागर ने भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप विद्यार्थियों के व्यवहार, नैतिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण के अंतर्संबंधों पर बेहद ज्ञानवर्धक और प्रभावी उद्बोधन दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में विधायक राजकुमार कर्राहे ने युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और राष्ट्रीय उत्तरदायित्वों को समझने की प्रेरणा दी और महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## विशेष आकर्षण और समापन

कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ बनाए गए 'सीड बॉल्स' (बीजों के लड्डू) रहे, जिन्हें सभी अतिथियों को स्मृति स्वरूप वितरित किया गया।

कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन डॉ. डालेश कुमार विजयवार द्वारा किया गया। अंत में कार्यक्रम संयोजक सुश्री साक्षी बंसोड़ ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगीत के सामूहिक गान के साथ कार्यक्रम का गरिमामय समापन हुआ।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम की संयोजक सुश्री साक्षी बांसोड़ (सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र), अंजलि मेरावी (प्रभारी, एनटीएफ) सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारी वर्ग का विशेष और सराहनीय सहयोग रहा।

# अवैध रूप से शराब सप्लाई वितरण का हुआ खुलासा, वाहन सहित 11 पेटी ग्रामीणों ने पकड़ी

## चालक और साथी फरार, बहेला पुलिस के कार्यवाही का इंतजार



जगप्रेरणा लांजी।

***महाराष्ट्र सीमा से लगे बहेला थाना क्षेत्र के मिरिया-टेकेपार गांव में अवैध शराब कारोबार के खिलाफग्रामीणों ने ऐसा कदम उठाया, जिसने गांवों तक पहुंच रही शराब सप्लाई की परतें खोल दीं।***

गांव में शराब उतारने पहुंचे एक बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएन 3226 को ग्रामीणों ने घेरकर पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि वाहन में 11 पेटी देशी सादा, मसाला तथा अंग्रेजी शराब लदी हुई थी। हालांकि यह शराब जिले के किसी अधिकृत कारोबारी के माध्यम से गांवों में सप्लाई की जा रही थी या फिर किसी अन्य अवैध नेटवर्क का हिस्सा थी, इसका खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल इस घटनाक्रम ने क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार को लेकर कई नए सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने जब संदिग्ध बोलेरो वाहन को रोका तो उसमें सवार चालक और उसका साथी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल बहेला पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शराब से भरे वाहन को अपने कब्जे में लेकर जब्ती की कार्रवाई शुरू की।घटनास्थल पर कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस भी हुई, जिसका वीडियो भी सामने आया है। हालांकि विवाद किस कारण हुआ, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ग्रामीणों का दावा है कि वाहन से एक रजिस्टर भी बरामद हुआ है, जिसमें शराब बेचने वालों के नाम और मोबाइल नंबर दर्ज हैं। यदि जांच में यह रजिस्टर सही पाया जाता है तो अवैध शराब के नेटवर्क से जुड़े कई लोगों के नाम सामने आ सकते हैं। इस संबंध में बहेला थाना प्रभारी शैलेन्द्र सक्सेना ने दूरभाष पर चर्चा के दौरान बताया कि सुबह ग्रामीणों ने अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को पकडक़र पुलिस को सूचना दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और वाहन सहित शराब को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है तथा फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## भाडरा अंचल के दर्जनों ग्रामों में रोजाना सप्लाई-

अवैध शराब कारोबार में लिप्त दर्जनो लोगों के नाम रजिस्टर में अंकित है जिनमें भाडरा अचंल के ग्राम में रहने वाले इन शराब कारोबारियों के साथ मिलकर रोजाना अवैध शराब का व्यवसाय करते है। इनमें प्रमुख ग्राम बहेला, रिसेवाड़ा, टेकेपार, मिरीया, भुरसाडोंगरी, वारी, सावरी, लोहारा, बडगांव, अंधियाटोला, अमेड़ा, बिरनपुर, चिचोली, बोथली, मनेरी सहित अन्य ग्राम शामिल है। इन ग्रामो के कौन कौन लोग इन शराब कारोबारियों के साथ मिले है यह भी रजिस्टर में अंकित है तथा कौन कितनी शराब लेन देन करता है। इन सभी तथ्यों को सामने रख पुलिस के द्वारा कार्यवाही की मांग ग्रामीण जनता ने की है।



## शराब कारोबारियों पर कड़ी कार्यवाही करे पुलिस प्रशासन- ज्योति उमरे..

उक्त ग्राम वासियों ने जब अवैध शराब से भरे बोलेरो वाहन को पकड़ा तथा पुलिस को सूचना दी इस दौरान जिला पंचायत सदस्य एवं बेटा बचाओ राष्ट्रीय अभियान सचिव श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे भी मौका स्थल पर उपस्थित रही। कार्यवाही के दौरान उन्होने पुलिस प्रशासन से कहा है संपूर्ण लांजी क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार फल फुल रहा है। इन शराब कारोबारियों पर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिये। साथ उक्त प्रकरण में शराब कारोबारियों एवं ग्राम में इनके शराब की सप्लाई करने वाले, अवैध शराब का कारोबार करने वाले सभी के नाम एक रजिस्टर में लिखीत है पुलिस प्रशासन बारिकी से जांच करे तथा इन सभी शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाये।

# भारी बारिश से गिरा आस्था का प्रतीक: किरनापुर के गुजरी चौक का 100 वर्ष पुराना बरगद का पेड़..

जगप्रेरणा किरनापुर।



क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जारी अत्यधिक और लगातार बारिश के कारण एक दुखद घटना सामने आई है। स्थानीय गुजरी चौक में स्थित लगभग 100 वर्ष से भी अधिक पुराना ऐतिहासिक बरगद का पेड़ मूसलाधार बारिश के चलते कमजोर होकर अचानक गिर पड़ा। गनीमत रही कि घटना के वक्त आस-पास कोई मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

## आस्था और इतिहास का था केंद्र

यह विशाल बरगद का पेड़ केवल पर्यावरण का हिस्सा नहीं था, बल्कि स्थानीय निवासियों की गहरी आस्था से भी जुड़ा हुआ था।

धार्मिक महत्व: एक सदी से भी पुराने इस पेड़ का उपयोग स्थानीय लोग पूजा-पाठ, त्योहारों और विशेष धार्मिक अनुष्ठानों के लिए करते थे। विशेषकर महिलाओं द्वारा वट सावित्री जैसे पर्वों पर यहाँ पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना की जाती थी।

यादों का झरोखा: बुजुर्गों के अनुसार, यह पेड़ कई पीढ़ियों की यादों और गुजरी चौक की पहचान का गवाह रहा है। इसके गिरने से स्थानीय लोग काफी भावुक और दुखी हैं।

## कमजोर हो गई थीं जड़ें

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय प्रशासन के अनुसार, लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जमीन के अंदर की मिट्टी पूरी तरह ढीली हो चुकी थी। पेड़ काफी पुराना और वजनी होने के कारण अपनी जड़ों पर संतुलन नहीं बना सका और भरभरा कर गिर गया।

प्रशासनिक सतर्कता: घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्राम पंचायत टीम एवं प्रशासन मौके पर पहुँची। चौक के मुख्य मार्ग पर पेड़ के गिरने से आवागमन कुछ समय के लिए बाधित हुआ, जिसे हटाने और रास्ता साफकरने का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है।

निवासियों का कहना है कि इस पेड़ के गिरने से गुजरी चौक ने अपना एक पुराना संरक्षक और ऐतिहासिक धरोहर खो दी है।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा
लालबर्रा, बैहर, परसवाड़ा
● कनकी ● खमरिया ● जाम ● कंजई ● उकवा ● मलाजखंड ● बिरसा ● लामटा ● चांगोटोला



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


### पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न..

# 250 नवप्रवेशित विद्यार्थियों को मिली उच्च शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास की जानकारी..

जगप्रेरणा बालाघाट।

*शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में 1 जुलाई से 3 जुलाई 2026 तक नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ (इंडक्शन) कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संपन्न हुआ।*




कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन वातावरण, शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, उपलब्ध संसाधनों तथा उच्च शिक्षा के उद्देश्यों से परिचित कराते हुए उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस नवप्रवेशित विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, विभिन्न संकायों एवं विभागों, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, छात्रवृत्ति योजनाओं, परीक्षा प्रणाली, खेलकूद तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा के महत्व, समय प्रबंधन, अनुशासन, नैतिक मूल्यों, व्यक्तित्व विकास एवं जीवन में सफलता के विविध आयामों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

द्वितीय दिवस मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, स्वस्थ जीवनशैली एवं भावनात्मक संतुलन के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) एवं रेड रिबन क्लब की गतिविधियों तथा उनके माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के तृतीय एवं समापन दिवस नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर, विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं एवं समृद्ध पुस्तकालय का भ्रमण कराया गया।

वरिष्ठ प्राध्यापक कातुलकर सर ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, नियमित अध्ययन एवं निरंतर परिश्रम के साथ अपने जीवन के लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में लगभग 250 नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. प्रतिमा बिसेन, डॉ. पुष्पलता कमलेशिया एवं डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में 08 जुलाई तक 306 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

# वारासिवनी तहसील में सबसे अधिक 429 मिलीमीटर और बिरसा तहसील में सबसे कम 191 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड..

**जिले में बीते 24 घंटे में 10 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड**

**बीते 24 घंटे में किरनापुर व बिरसा तहसील में सर्वाधिक 21-21 मिमी वर्षा रिकार्ड..**

जगप्रेरणा बालाघाट।

*चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 1 जून से 08 जुलाई 2026 तक कुल 306 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 463 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर निर्धारित है।*

जिले में 01 जून से 08 जुलाई तक 359 मिलीमीटर वर्षा हो जाना चाहिए। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 08 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 10 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 09 मिलीमीटर, वारासिवनी में 05 मिलीमीटर, बैहर में 11 मिलीमीटर, लांजी में 10 मिलीमीटर,

कटंगी में 03 मिलीमीटर, किरनापुर में 21 मिलीमीटर, खैरलांजी में 09 मिलीमीटर, लालबर्रा में 03 मिलीमीटर, बिरसा में 21 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 08 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 09 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। चालू वर्ष में 01 जून से 08 जुलाई 2026 तक सबसे अधिक 429 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 191 मिलीमीटर वर्षा बिरसा तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 414 मिलीमीटर, बैहर में 412 मिलीमीटर, लांजी में 290 मिलीमीटर, कटंगी में 248 मिलीमीटर, किरनापुर में 409 मिलीमीटर, खैरलांजी में 153 मिलीमीटर, लालबर्रा में 287 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 267 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 261 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 628 मिलीमीटर, वारासिवनी में 754 मिलीमीटर, बैहर में 638 मिलीमीटर, लांजी में 197 मिलीमीटर, कटंगी में 320 मिलीमीटर, किरनापुर में 485 मिलीमीटर, खैरलांजी में 202 मिलीमीटर, लालबर्रा में 578 मिलीमीटर, बिरसा में 400 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 555 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 337 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

# स्वच्छ पानी, सुरक्षित गांवः पीएचई ने डायरिया रोकने के लिए 10 गांवों में चलाया विशेष अभियान

जगप्रेरणा बालाघाट।

*डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा जिले में पेयजल स्त्रोतों को सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को बालाघाट, परसवाड़ा, लांजी, किरनापुर एवं बैहर*





विकासखंड के ग्राम भालेवाड़ा, मानपुर, खैरी, भटेरा, अमेडा, बहेला, पाथरगांव, टिमकीटोला, लोटमारा तथा कोंगेवानी में त्वरित कार्रवाई की गई। विभाग की टीम ने गांवों में पहुंचकर खराब पड़े हैंडपंपों का सुधार कार्य कराया, जिससे ग्रामीणों को निर्बाध रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। साथ ही, सुधारे गए हैंडपंपों सहित गांव के अन्य सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया।

इस प्रक्रिया से पानी में मौजूद हानिकारक कीटाणुओं को नष्ट कर जलजनित बीमारियों, विशेषकर डायरिया, के खतरे को कम करने का प्रयास किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे पेयजल को छानकर एवं ढककर रखें, स्वच्छता का विशेष ध्यान दें तथा केवल सुरक्षित पानी का ही उपयोग करें। विभाग ने बताया कि डायरिया रोको अभियान के तहत जिले में पेयजल स्त्रोतों की नियमित निगरानी एवं आवश्यक सुधार कार्य लगातार जारी रहेंगे।

# सुशीला बाई कालबेले को शकुन की छाँव के तहत छतरी वितरण..

जगप्रेरणा लांजी।

*महावीर इंटरनेशनल महाकौशल जोन चेयरमेन एवं लांजी केंद्र चेयरमैन विशाल राउत खोंगल ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल लांजी, महाकौशल जोन रीजन-9 द्वारा सेवा एवं मानवता के उद्देश्य से संचालित शकुन की छाँव अभियान के*





अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरनपुर निवासी श्रीमती सुशीला बाई कालबेले जी को छतरी का वितरण किया गया ज्ञात हो कि जरूरतमंद एवं धूप और बारिश में कार्य करने वाले श्रमिकों, रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों तथा आमजन को छतरियों का वितरण किया जाना है। महावीर इंटरनेशनल का यह प्रयास आमजन नागरिकों को सेवा कार्यों में निःशुल्क छतरी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण वर्षा एवं गर्मी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करना तथा समाज के प्रति सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश देना था। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सभी उपस्थित थे, इस दौरान मानिक पांचे पूर्व सरपंच सावरीखुर्द ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल के कार्य पूरे क्षेत्र में सराहनीय है दिन दुखियों की सेवा और मदद कर पूरे क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। झंकार किरनापूरे अध्यक्ष एकल संच लांजी एवं समाजसेवी ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल के प्रयास आमजन के लिए सर्वविदित है यह सेवा कार्य छोटे व्यापारी और प्रतिदिन रोज रोड के किनारे व्यापार करने वाले लोगों के लिए आश्रय है। यह छतरी शकुन की छाँव प्रदान करेंगी। इस दौरान लक्की मेहरकर,फणींद्र दुरुगकर, उमाकांत उपराडे, यादव जी, महेश कालबेले,और अन्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं शकुन की छतरी पाकर सुशीला बाई कालबेले भावविभोर हो गई। उन्होने बताया कि रोजाना वे खुले आसमान के नीचे अपना छोटा सा दैनिक व्यापार करती हू, धुप वर्षा काल में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था लेकिन अब ये शकुन की छतरी निश्चित रूप से बहुउपयोगी साबित होगी मै सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करती हूँ।

# 10वीं - 12वीं द्वितीय अवसर परीक्षा 2026 की अंकसूचियां 9 जुलाई से वितरित होंगी

जगप्रेरणा बालाघाट।

*माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं द्वितीय अवसर परीक्षा वर्ष 2026 की अंकसूचियों का वितरण 9 जुलाई 2026 से किया जाएगा। इस संबंध में जिले की समन्वयक संस्था शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट के प्राचार्य एवं समन्वयक श्री शरद ज्योतिषी ने प्रेस*

विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं द्वितीय अवसर परीक्षा 2026 की अंकसूचियां 9 जुलाई 2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक तथा इसके पश्चात कार्यालयीन कार्य दिवसों में समन्वयक संस्था शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट से वितरित की जाएंगी। जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों से आग्रह किया गया है कि वे अपने अधिकृत प्रतिनिधि को समन्वयक संस्था भेजकर विद्यार्थियों की अंकसूचियां प्राप्त करना सुनिश्चित करें।


**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।*


# स्थानांतरण पर एसडीओ सनोडिया को दी यादगार बिदाई, वक्ताओं ने कहां 10 वर्षो की सेवा भावना रहेगी याद..

जगप्रेरणा लांजी।

*कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (कृषि) लांजी में पिछले 10 वर्षो से अपनी सेवाएं दे रहे अनुविभागीय कृषि अधिकारी (एसडीओ) खुदीराम सनोड़िया को उनके स्थानांतरण के अवसर पर जनपद पंचायत लांजी के उपाध्यक्ष कक्ष में 8 जुलाई को भावभीनी विदाई दी गई।*



श्री सनोड़िया वर्ष 2016 से 2026 तक लांजी में पदस्थ रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने किसानों के हित में विभिन्न कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार तथा विभागीय कार्यों के सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके सरल, सौम्य एवं सहयोगी व्यवहार के कारण वे किसानों, जनप्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारियों के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय रहे।

हाल ही में उनका स्थानांतरण सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला छिंदवाड़ा के पद पर हुआ है। इस अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्री सनोड़िया के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नवीन दायित्वों के सफल निर्वहन की शुभकामनाएं दीं। वहीं श्री सनोड़िया ने भी लांजी में मिले सहयोग, स्नेह एवं आत्मीयता के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां बिताया गया समय उनके जीवन की अमूल्य स्मृतियों में सदैव शामिल रहेगा। विदाई समारोह में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजय अवसरे, जनपद सभापति दिनेश लांडे, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियांश वासनिक, प्रज्ञात वासनिक तथा सहेकी उपसरपंच दामोदर बल्लारखेड़े सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। समारोह का समापन श्री सनोड़िया के सम्मान, पुष्पगुच्छ भेंट एवं शुभकामनाओं के साथ हुआ।


**Government of Madhya Pradesh**
**DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION,**
**P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, (MP).**
**E-mail: hegjtcbal@mp.gov.in**

P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, (MP), DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH invites Request for Bid for Procurement of Goods- Supply,Installation,Testing,Commissioning of ICT and Sports Equipments on turnkey basis bid proposal to college. Interested bidders are requested to view the mptender.gov.in e-Portal for the Bid information from 06-07-2026 onwards. Last date of Submission on 30-07-2026.

BID for ICT Equipments
Tender Notice -NIT No: 2026_HED_519658_1
RFQ No: 2354/2026/ICT EQUIPMENT

BID for Sports Equipments
Tender Notice -NIT No: 2026_HED_519679_1
RFQ No: 2353/2026/SPORT ITEM

Principal
P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, MP



॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है ।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# दलाई लामा करुणा, प्रेम और मानवता के प्रतीक - अपर जिलाधिकारी अभिजीत घोरपड़े

## नोरग्येलिंग तिब्बती बस्ती में 91 वां जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***परम पूज्य दलाई लामा करुणा, प्रेम और मानवता के जीवंत प्रतीक हैं तथा उनके विचार पूरे विश्व के लिए प्रेरणादायक हैं। यह प्रतिपादन अपर जिलाधिकारी अभिजीत घोरपड़े ने किया। वे अर्जुनी मोरगांव तहसील के गोठणगांव स्थित नोरग्येलिंग तिब्बती बस्ती में***

दलाई लामा के 91वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। संभोटा तिब्बती स्कूल के मैदान में यह समारोह अत्यंत सकारात्मक और भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपविभागीय दंडाधिकारी ज्योति कांबले, तहसीलदार अनिरुद्ध कांबले, केशोरी पुलिस स्टेशन के स्टेशन हेड ऑफिसर चेतन देखाणे उपस्थित थे। साथ ही नागपुर एवं भंडारा से 'तिब्बत सपोर्ट ग्रुप ङ्क इंडो तिब्बती मैत्री सोसायटी' के लगभग 35 सदस्य तथा स्थानीय तिब्बती समुदाय भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहा। अपने संबोधन में अपर जिलाधिकारी घोरपड़े ने कहा, यह भूमि आप सभी का घर है। तिब्बती समाज का संघर्ष आसान नहीं है, लेकिन प्रशासन आपके साथ मजबूती से खड़ा है।÷ उन्होंने कैनाल रोड के नवीनीकरण तथा तिब्बती बस्ती की भूमि लीज संबंधी आवश्यक कदम उठाए जाने की जानकारी भी दी तथा भविष्य में किसी भी समस्या के लिए प्रशासन से संपर्क करने का आवाहन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह दलाई लामा के दीर्घायु हेतु शुभकामनाओं एवं प्रार्थना से हुई। इसके बाद सेटलमेंट ऑफिसर तेनजिन त्सांगपा ने धर्मशाला स्थित केंद्रीय तिब्बती प्रशासन का 'काशाग वक्तव्य' पढ़कर सुनाया, जबकि स्थानीय तिब्बती सभा के अध्यक्ष लोबसांग धोन्यो ने तिब्बती संसद के अध्यक्ष का संदेश प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के हस्तों केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। इसके पश्चात सेटलमेंट ऑफिसर द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व तिब्बती स्थानीय सभा सदस्यों एवं कैंप लीडर्स को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। स्थानीय तिब्बती नागरिकों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक सांस्कृतिक नृत्य ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा।

इस दौरान मुख्य अतिथि को करुणा का प्रतीक स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया तथा उनके मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद आमंत्रण स्वीकार कर उपस्थित रहने के लिए तिब्बती समुदाय ने उनका आभार व्यक्त किया। वर्ष 1972 में स्थापित गोठणगांव स्थित नोरग्येलिंग तिब्बती बस्ती की वर्तमान जनसंख्या लगभग 783 है, जिसमें कैंप 1 और कैंप 2 शामिल हैं। इस अवसर पर तिब्बती समाज ने दलाई लामा के विचारों का स्मरण करते हुए सकारात्मकता, सहिष्णुता और मानवता का संदेश पुनः स्थापित किया।

# राज्य विधानसभा में विधायक संजय पुराम ने उठाया आमगांव-देवरी के सिंचाई और वन कानून का मुद्दा..

## वर्षों से लंबित परियोजनाओं को पूरा करने की उठाई मांग..

गणेश भदाडे, जगप्रेरणा
आमगांव, जिला गोंदिया।



***महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र में आमगांव-देवरी विधानसभा क्षेत्र से जुड़े जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों को विधायक संजय पुराम द्वारा प्रभावी ढंग से उठाया गया। क्षेत्र की जनता के दैनिक जीवन, किसानों की समस्याओं तथा वर्षों से लंबित सिंचाई परियोजनाओं को लेकर श्री पुराम ने सरकार का ध्यान आकर्षित कराया।***

विधानसभा में विधायक संजय पुराम ने कहा कि सालेकसा और देवरी दोनों वन क्षेत्र से घिरे हुए तालुके हैं, जिसके कारण वन कानूनों से संबंधित विभिन्न अनुमतियों में देरी होने से विकास कार्य लंबे समय से प्रभावित हैं। इसका सबसे अधिक असर सिंचाई परियोजनाओं पर पड़ा है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में करीब 150 से अधिक तालाबों के निर्माण और विकास कार्य वर्षों से लंबित हैं, जिससे किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा नहीं मिल पा रही है। इसके अलावा देवरी तालुका का लगभग 25 वर्ष पुराना दवागढ़ सात बहिनी मध्यम सिंचाई परियोजना भी वन विभाग की आवश्यक मंजूरियों के अभाव में अधूरी पड़ी हुई है। परियोजना पूरी नहीं होने के कारण हजारों किसान आज भी सिंचाई संकट का सामना कर रहे हैं, जिससे कृषि उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

विधानसभा में इस गंभीर विषय पर वन मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा गया कि वन कानूनों से संबंधित सभी प्रशासनिक बाधाओं को शीघ्र दूर किया जाए, ताकि वर्षों से लंबित सिंचाई परियोजनाओं को गति मिल सके। साथ ही संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर आवश्यक मंजूरियां जल्द जारी करने की भी मांग रखी गई।

विधायक संजय पुराम ने कहा कि यदि इन परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जाता है, तो हजारों किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचेगा, कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इससे ग्रामीण विकास को भी नई दिशा मिलेगी। अंत में विधायक संजय पुराम ने यह भी कहा कि आमगांव-देवरी विधानसभा क्षेत्र की जनता से जुड़े प्रत्येक महत्वपूर्ण मुद्दे को शासन के समक्ष लगातार उठाया जाता रहेगा, ताकि जनहित के कार्यों पर सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्र के विकास को गति दी जा सके।

# गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

## बिजली के पोल से तार चोरी, मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/7/2026 की रात शिवाटोला मे अज्ञात आरोपी ने तांडा दहेगाव मार्गपर एल टी बिजली लाइन के 4 पोल से तार किमत 20 हजार रुपये का माल चुराकर ले जाने से फर्य़ादी सुरतीलाल केशवराव गौतम उम्र 52 निवासी सुर्याटोला की शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 390/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा धुवारे 423 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

## खेत मे जाने वाले रोड के विवाद में की मारपीट..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/7/2026 के रात 11 बजे के दरम्यान फर्य़ादी प्रफुल बाबुलाल लिल्हारे उम्र 39 वर्ष निवासी जब्बारटोला और आरोपी का जमीन विवाद कोर्ट मे चालू है। घटना के समय खेत मे जाने वाला रोड खराब हो गया फर्य़ादी ने जेसीबी लाकर रोड बनवा रहा था वहा आरोपी ने कहा यहा से जेसीबी हटा फर्य़ादी ने कहा मामला कोर्ट मे चालू है अभी आने जाने मे तकलीफ हो रही है, इस बात पर तिनो आरोपियोने लाठी और लात घुसो से मारपीट कर जख्मी किया और जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 391/2026 धारा 118,1,115, 2, 352,351,3, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा बहेकार 80 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

## बिजली पोल से मीटर कॉन्ट्रेक्टर वायर चोरी..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकरी अनुसार दिनांक 5/7/2026 के रात म्हसगाव मे अज्ञात आरोपी ने बिजली पोल से 5.525 मिटर कंडक्टर इलेक्ट्रिक वायर किमत 50 हजार रुपये का माल चुराकर ले जाने से फर्य़ादी अजित चंदनसिंग बघेले उम्र 38 वर्ष निवासी भा दुटोला की शिकायत पर पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 450/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा तेजराम कोरेटी पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

## घर के पोर्च से मोटर सायकल चोरी, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/7/2026 के रात दासगाव मे फर्य़ादी सुखदेव कवडु खरे उम्र 51 वर्ष निवासी दासगाव ने अपने घर के पोर्च मे मोटरसायकल रखी थी। रात के समय अज्ञात चोर ने पोर्च से शाईन मोटरसायकल किमत 50 हजार रुपये की चुराकर ले जाने से फर्य़ादी की शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 356/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा शरणागत पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591


# हैहय कलचुरी समाज द्वारा 11 जुलाई को गोंदिया में युवक-युवती परिचय सम्मेलन



जगप्रेरणा गोंदिया।

***भारत वर्षीय हैहय कलचुरी समाज की महासभा के संयुक्त तत्वावधान में 11 जुलाई 2026 (शनिवार) को समाज के उच्च शिक्षित एवं विवाह योग्य युवक-युवतियों का भव्य प्रत्यक्ष परिचय एवं मिलन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक आयोजित होगा।***

आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों के साथ-साथ पुनर्विवाह के इच्छुक विधुर, विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता, 35 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अविवाहित, दिव्यांगजन, सफेद दाग से पीड़ित, कम शिक्षित तथा किसान वर्ग के इच्छुक प्रतिभागियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के लोगों को एक ही मंच पर लाकर उपयुक्त जीवनसाथी के चयन में सहयोग प्रदान करना है। सम्मेलन में रायपुर, बालाघाट, चंद्रपुर, नागपुर, भंडारा, वर्धा, अमरावती, गढ़चिरौली, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव सहित विभिन्न जिलों से समाज के बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे। परिचय बैठक में युवक-युवती की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। सम्मेलन के बाद प्रतिभागियों का बायोडाटा एवं फोटोग्राफ सहित विस्तृत परिचय समाज में प्रकाशित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम के संयोजक विजय कावड़े ने समाज के सभी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम स्थलः श्री रामदेव स्मृति भवन, बलेश्वरी कॉलोनी कॉम्प्लेक्स, आमगांव रोड, फूलचूर, गोंदिया। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 9307477130 आयोजकों ने समाज के सभी लोगों से इस संदेश को अधिक से अधिक साझा कर समाजहित में सहयोग करने का आग्रह किया है।

# पीएम यशस्वी टॉप क्लास स्कूल छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन शुरू..

जगप्रेरणा गोंदिया।

केंद्र सरकार की पीएम यशस्वी योजनांतर्गत टॉप क्लास एजुकेशन इन स्कूल योजना के लिए पात्र विद्यार्थियों से नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑन लाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के तहत चयनित स्कूलों में अध्ययनरत ओबीसी, ईबीसी तथा विमुक्त जाति एवं घुमंतू जनजाति के कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं के पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। योजना के लिए अभिभावकों की वार्षिक आय 12.50 लाख रुपये या उससे कम होना आवश्यक है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 तथा विद्यालयों द्वारा सत्यापन की अंतिम तिथि 15 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। विद्यार्थियों से आवेदन करने से पहले अपने विद्यालय में योजना की पात्रता की पुष्टि करने की अपील की गई है।


## जनता सहकारी बैंक लिमिटेड गोंदिया शाखा लाखान्दूर (जिला भंडारा)

तहसील कार्यालय के सामने, साकोली रोड, लाखान्दूर, जिला भंडारा

**बैंक के सभासदो एवं ग्राहको हेतु सूचना..**

सम्माननीय सभासद, ग्राहक तथा हितचिंतकों को सूचित किया जाता है कि जनता सहकारी बैंक लिमिटेड गोंदिया शाखा लाखान्दूर कार्यालय स्थानांतरण सोमवार दिनांक 13 जुलाई 2026 को तहसील कार्यालय के सामने, साकोली रोड, लाखान्दूर जिला भंडारा किया जा रहा है। कृपया नोंद करें। नया पत्ता - जनता सहकारी बैंक लिमिटेड, गोंदिया शाखा लाखान्दूर तहसील कार्यालय के सामने, साकोली रोड, लाखान्दूर जिला भंडारा

लाखान्दूर
06/07/2026

अजित रामटेके
प्रभारी शाखा व्यवस्थापक
जनता सहकारी बैंक लिमिटेड
गोंदिया शाखा लाखान्दूर



नया सोचो आयुर्वेद सोचो...

सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा

मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र

● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका

• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा

डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356

साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738


# रावणवाड़ी पुलिस निरीक्षक शेवते का पुलिस पाटिलों ने किया स्वागत..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***रावणवाड़ी पुलिस स्टेशन में नवागत पुलिस निरीक्षक रामदास शेवते के पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में गांव कामगार पुलिस पाटिल संघटना, महाराष्ट्र राज्य, शाखा रावणवाड़ी की ओर से उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के पश्चात पुलिस निरीक्षक शेवते ने***

रावणवाड़ी पुलिस स्टेशन अंतर्गत कार्यरत सभी पुलिस पाटिलों की बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने प्रत्येक पुलिस पाटिल का परिचय प्राप्त किया तथा उनके कार्यक्षेत्र, जिम्मेदारियों और गांवों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस प्रशासन और पुलिस पाटिलों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर विशेष चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस निरीक्षक श्री रामदास शेवते ने कहा कि पुलिस पाटिल गांव स्तर पर पुलिस प्रशासन और आम जनता के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु हैं। गांवों में कानून एवं सुव्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की समय पर सूचना पुलिस तक पहुंचाने, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में पुलिस पाटिलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने सभी पुलिस पाटिलों से ईमानदारी, सक्रियता और समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया तथा विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस और पुलिस पाटिलों के संयुक्त प्रयासों से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर पुलिस पाटिलों ने भी नवागत पुलिस निरीक्षक श्री रामदास शेवते का स्वागत करते हुए उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर जनहित एवं कानून व्यवस्था के कार्यों में सदैव तत्पर रहने की भावना व्यक्त की।

इस अवसर पर संघटना के अध्यक्ष श्री क्रांति बिसेन, भूमेंद्र बागड़े, निलेश तुरकर, सत्यशिला वाघरे, ऊषा बोपचे, मीताताई माने, संचिता रामटेके, कल्पना बागड़े, प्रीति गोंडाने, राजेश भोयर, मुकेश पाचे, येशने जी, बानेवार, दिलीप तुरकर, घोड़ेस्वर, गेडाम, रनगिरे, हरिप्रसाद, जामरे, सुलाखे आदि पोलिस पाटिल उपस्थित थे।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।


SONO VIEW

SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN

DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist

DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ

FACILITIES AVAILABLE

SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.

DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan

राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन

तुरकर क्लिनिक
SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T. SCAN

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
- टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
- इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
- (IUI) आय.यू.आय.
- अधिक उम्र में मातृत्व
- ओव्हम डोनेशन द्वारा
- बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
- पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
- शुक्राणु बैंक सुविधा
- सोनोग्राफी
- हार्मोंस की जांच
- हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
- दुरबीन द्वारा ऑपरेशन

डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● तुमसर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### 06 दिन मे 872 कि.मी. की साईकिल यात्रा पूरी कर

# पंढरपुर विट्ठल भगवान के दर्शन कर गोंदिया वापसी पर नगराध्यक्ष सचिन शेंडे का हुआ भव्य स्वागत..

## बोले सचिन शेंडे, भगवान विट्ठल से मांगी किसानो की खुशहाली, अब नगर विकास को तीव्र रफ्तार देने का करेंगे प्रयास..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया नगर परिषद के कांग्रेस नेता और ऊर्जावान जुझारु नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे 01 जुलाई 2026 को सुबह बरसते पानी में अपने प्रमुख साथियों पूर्व सैनिक उदयभान निर्माण, घनश्याम उइके और मनोज बिसेन के साथ साईकिल चलाते हुए पंढरपुर के लिये रवाना हुए थे, जिसके बाद 01 जुलाई को साईकिल चलाते हुए***

872 कि.मी. की साईकिल यात्रा पूर्ण करके तथा विट्ठल भगवान के दर्शन कर व आशीर्वाद प्राप्त कर नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने आज 08 जुलाई को शाम 04 बजे वापसी की। इस साईकिल यात्रा में सचिन शेंडे और उनके साथ शामिल साईकिल वीरों को भीषण गर्मी, धुप और बारिश का सामना भी करना पड़ा। गोंदिया से जब सभी साईकिल से रवाना हुए, तो पानी में भीगते हुए रवाना हुए, और फिर रास्ते में अनेक मर्तबा पानी में भीगे और कड़ी धुप का भी सामना किया, लेकिन हर हाल में प्रतिदिन 150 कि.मी. लगभग की दूरी तय करते हुए 872 कि.मी. की संपूर्ण यात्रा पूरी की।

### गोरेगांव से फिर गोंदिया साईकिल से पहुंचे सचिन शेंडे..

गौरतलब है कि नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे का उत्साह देखने लायक था। सचिन शेंडे 872 कि.मी. तक साईकिल चलाते हुए पंढरपुर पहुंचे, और फिर पंढरपुर से वापसी कार से गोरेगांव तक यात्रा करते हुए जैसे ही सचिन शेंडे गोरेगांव पहुंचे, गोंदिया में पंचायत समिति में एवं आम नागरिकों ने सचिन शेंडे एवं सभी साईकिल वीरों का सत्कार किया। सभी का सत्कार एवं स्नेह प्राप्त कर साईकिल से गोंदिया के लिये रवाना हुए। नगराध्यक्ष सचिन शेंडे एवं अन्य सभी साथियों ने सर्वप्रथम परम पूज्य डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, वहीं इसके उपरांत जयस्तंभ चौक पर साईकिल संडे ग्रुप, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, कुनबी समाज प्रतिनिधिमंडल, अन्य सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ और फुलमालाओं से सचिन शेंडे एवं अन्य साईकिल वीरों का सत्कार किया।

### 06 दिनो मे पूरी की 872 कि.मी. की साईकिल यात्रा..

गौरतलब है कि सचिन शेंडे 01 जुलाई को गोंदिया से रवाना हुए, तथा छटवें दिन 06 जुलाई को वे पंढरपुर पहुंचे। पंढरपुर मंदिर में सचिन शेंडे एवं सभी साईकिल वीरों ने भगवान विट्ठल के चरण छुकर दर्शन कर भगवान के समक्ष प्रार्थना की, और फिर कार से गोंदिया के लिये रवानगी ली। गोंदिया पहुंचने पर सचिन शेंडे ने मीडिया के सवालों के जवाब भी दिये, जिसमें उन्होंने अपनी बात की शुरुआत रामकृष्ण हरी पांडुरंग विट्ठला, संत ज्ञानेश्वर महाराज, जगद्गुरु तुकाराम महाराज को प्रणाम करते हुए कहा कि सभी की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से हमने 06 दिनों में 872 कि.मी. की साईकिलिंग की, और पंढरपुर पहुंचे। पुरे रास्ते भर हमें अनेक अवसरों पर लोगों का स्नेह और आशीर्वाद भी मिला, वहीं कठिनाईयों का सामना भी करना पड़ा, लेकिन भगवान की कृपा से संपूर्ण यात्रा हर्षपूर्वक पूर्ण हुई। सचिन शेंडे ने यह भी बताया कि हमने पुरे रास्ते भर मुलाकातों के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के संवर्धन का आहवान लोगों से किया, और यही संदेश दिया। इसी के साथ भगवान से गोंदिया के किसानों, मजदूरों और नागरिकों की खुशहाली की कामना की, तथा गोंदिया के विकास की भी मंगलकामना की।

### इन्होंने किया सत्कार..

नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे की गोंदिया नगर वापसी पर प्रमुख रुप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी, अपूर्व अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, राकेश ठाकुर, राजकुमार (पप्पु) पटले, पार्षद सुनिल तिवारी, विजय रगड़े, लखन बहेलिया, सिंधी समाज के अध्यक्ष जियंदराम आयलानी, हितेश कोडवानी, राजू लिमये, मुन्नालाल यादव, आशीष धार्मिक, आशीष शेंडे के साथ ही विभिन्न संगठनों एवं सामाजिक क्षेत्र के लोगों एवं बड़ी संख्या में नगरवासीयों ने सचिन शेंडे एवं सभी साईकिल वीरों का पुष्पहार पहनाकर सत्कार किया, और उनके हौसले तथा उनकी भावनाओं की प्रशंसा की।

# विधायक विनोद अग्रवाल, शिवसेना जिला प्रमुख मुकेश शिवहरे संहित गोंदिया जिला नियोजन समिति में 11 सदस्यों की नियुक्ति..

## राज्य सरकार ने जारी किया आदेश



जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र शासन के नियोजन विभाग ने गोंदिया जिला नियोजन समिति में 2 नाम निर्देशित सदस्यों***

तथा 9 विशेष आमंत्रित (विशेष निमंत्रित) सदस्यों की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की है।

इस संबंध में शासन ने 6 जुलाई 2026 को आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार इन सदस्यों का कार्यकाल शासन द्वारा नियुक्ति निरस्त किए जाने अथवा वर्तमान मंत्रिमंडल के कार्यकाल तक, जो भी पहले होगा, प्रभावी रहेगा।

राज्य सरकार द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार गोंदिया विधानसभा के विधायक विनोद अग्रवाल एवं तिरोड़ा विधानसभा के विधायक विजय रहांगडाले को जिला नियोजन समिति में नाम निर्देशित सदस्य के रुप में स्थान दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा जिला नियोजन समिति में अन्य 09 सदस्यों को भी विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनित किया गया है, जिसमें डॉ. अविनाश काशीवार, केवल बघेले, जियालाल पंधरे, अजय सिंह गौर तिरोड़ा, सौ. कीर्ती पटले, प्रवीण दहीकर, नरेंद्र तुरकर, सोनु कुथे तथा शिवसेना जिला प्रमुख मुकेश शिवहरे का नाम शामिल है।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र शासन के अनुसार जिला नियोजन समिति में इन सदस्यों की नियुक्ति का उद्देश्य जिले की विकास योजनाओं के प्रभावी नियोजन एवं क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों और अनुभवी व्यक्तियों की सहभागिता सुनिश्चित करना है। शासन ने जिला कलेक्टर एवं जिला नियोजन समिति के सदस्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि इस आदेश की जानकारी सभी संबंधितों तक पहुंचाई जाए।

# लायंस क्लब गोंदिया रॉयल टीम अभिषेक शर्मा का शपथ विधि समारोह 11 जुलाई को..

## एमजेएफ अभिषेक शर्मा अध्यक्ष, लॉयन रोहित चंदानी सचिव लॉयन प्रीति अग्रवाल लेंगी कोषाध्यक्ष पद की शपथ..



### समारोहपूर्वक हॉटल ग्रैंड सीता में होगा समारोह..

जगप्रेरणा गोंदिया

***गोंदिया जिले में सामाजिक सेवाओं में अग्रणी लॉयंस क्लब गोंदिया रॉयल की प्रत्येक वर्ष नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में सामाजिक गतिविधियों को बढ़ चढ़कर अंजाम दिया जाता है, इसी क्रम में इस वर्ष नए अध्यक्ष के रूप में एमजेएफ अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में सभी***

कार्यक्रम संचालित किये जाएंगे, तथा अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, सचिव लॉयन रोहित चंदानी, कोषाध्यक्ष लॉयन प्रीति अग्रवाल एवं सम्पूर्ण टीम नए दायित्वों की जिम्मेदारी शपथ विधि समारोह के साथ संभालेंगे। लॉयंस क्लब गोंदिया रॉयल की अभिषेक शर्मा टीम का शपथ विधि समारोह 11 जुलाई को हॉटल ग्रैंड सीता में समारोहपूर्वक सम्पन्न होगा, जिसमें प्रमुख अतिथियों के रूप में पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ रश्मि गुप्ता इंस्टॉलिंग ऑफिसर के रूप में उपस्थित रहेंगी, साथ ही पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ विजय पालीवाल किनोट स्पीकर, एमजेएफ दीपक रावलानी, एमजेएफ प्रतीक काथरानी प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

शपथ विधि समारोह शाम 6 बजे से शुरू होगा, जिसमें संपूर्ण जिले के लायंस क्लब सदस्य एवं अन्य विशेष आमंत्रित उपस्थित रहेंगे, शपथ विधि समारोह में प्रमुख अतिथि उपस्थितों को लायनिसम के संदर्भ में मार्गदर्शन भी प्रदान

### लॉयंस क्लब गोंदिया रॉयल ने हर वर्ष बढ़ाया गौरव..

गौरतलब है कि गोंदिया जिले में लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल ने सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक व सेवाकार्यों में अनुशासित योगदान प्रदान कर एक अलग पहचान बनाई है, तथा अपने कार्यों से लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल ने निरंतर प्रतिवर्ष उपलब्धियां हासिल की है। गोंदिया जिले में लॉयन्स क्लब गोंदियाा रॉयल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह कार्यक्रम, इको फ्रेंडली श्रीगणेश प्रतिमाओं का विसर्जन, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर आदि अनेक कार्यक्रमों के साथ ही सेल्फी विथ डॉटर एवं फन फुड कॉर्निवल व्यापार मेले का आयोजन किया जाता है, जिसके अंतर्गत बच्चों के लिये पेंटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैशन शो संहित अनेक आयोजन किये जाते हैं, तथा कहा जा सकता है कि गोंदिया जिले में लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल एक ऐसा संगठन है, जिसके द्वारा सर्वाधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

### अब टीम अभिषेक शर्मा के प्रतिनिधित्व से नई उम्मीदें..

गौरतलब है कि बीते वर्ष के अध्यक्ष के रुप में लॉयन शुभम अग्रवाल, ला. अनुज जायसवाल एवं ला. सुप्रीत बैस के प्रतिनिधित्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए, वहीं अब अध्यक्ष अभिषेक शर्मा के नेतृत्व सचिव लॉयन रोहित चंदानी, कोषाध्यक्ष लॉयन प्रीति अग्रवाल एवं संपूर्ण टीम सामाजिक सेवाओं के उपक्रमों को कितना आगे लेकर जाती है, तथा कॉर्निवल जैसे आयोजन को कितना व्यापक रुप दे पाती है, देखने वाली बात होगी।

# गोंदिया जिले की अनेक अत्यंत महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं वन विभाग की प्रक्रियाओं में उलझी..

## पूर्व मंत्री, विधायक राजकुमार बडोले ने विधानसभा में उठाया मुद्दा..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले ने गोंदिया जिले की कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के वन विभाग की अनुमति और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के***

कारण वर्षों से लंबित होने का मुद्दा विधानसभा में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1973 में स्वीकृत निमगांव परियोजना जैसी पुरानी योजनाएं भी वर्ष 1980 में लागू हुए वन संरक्षण कानून के बाद अनावश्यक अड़चनों में फंस गई हैं। विधायक बडोले ने सदन में बताया कि निमगांव परियोजना को वर्ष 1973 में मंजूरी मिली थी, उस समय वन संरक्षण कानून लागू नहीं था। लेकिन 1980 में कानून लागू होने के बाद इस परियोजना को दोबारा विभिन्न मंजूरियों के लिए भेजा गया, जिसके कारण आज तक इसका कार्य पूरा नहीं हो सका। उन्होंने सवाल उठाया कि पहले से स्वीकृत परियोजनाओं को वन संरक्षण कानून के नाम पर वर्षों तक क्यों रोका जा रहा है।

### झाशीनगर परियोजना और टाइगर प्रोजेक्ट से विकास प्रभावित

सदन में विधायक राजकुमार बडोले ने बताया कि अर्जुनी मोरगांव क्षेत्र की झाशीनगर परियोजना भी कई बैठकों के बावजूद आगे नहीं बढ़ पा रही है। वहीं, टाइगर प्रोजेक्ट के कारण जिले के कई गांव विकास की मुख्यधारा से कट गए हैं। सड़क, सिंचाई, पर्यटन तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य वन विभाग की मंजूरी के अभाव में अटके हुए हैं। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के स्वीकृत होने के बाद भी वन विभाग की प्रक्रियाओं के कारण किसानों, ग्रामीणों और युवाओं को विकास का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### वन मंत्री गणेश नाईक का आश्वासन

इस मुद्दे पर जवाब देते हुए वन मंत्री गणेश नाईक ने कहा कि संबंधित सभी मामलों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित कर जल्द से जल्द समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

### विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद

गौरतलब है कि गोंदिया जिला वन संपदा से समृद्ध होने के कारण अधिकांश विकास परियोजनाओं के लिए वन विभाग की अनुमति आवश्यक होती है। हालांकि पर्यावरणीय मंजूरी, वन्यजीव संरक्षण नियमों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के चलते कई परियोजनाएं वर्षों से लंबित हैं। विधायक राजकुमार बडोले द्वारा विधानसभा में उठाए गए इस मुद्दे पर यदि शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाता है, तो जिले के अनेक गांवों, किसानों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### गिरिराज गौसेवा मित्र मंडल द्वारा रानी सती मंदिर सभागृह में..

# विशाल नि:शुल्क नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं चश्मा वितरण शिविर 9 एवं 10 जुलाई को



जगप्रेरणा गोंदिया।

***समाज सेवा एवं मानव कल्याण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय गिरिराज गोसेवा मित्र मंडल, गोंदिया द्वारा जनहित में आज 9 जुलाई 2026 एवं कल 10 जुलाई 2026 को रानी सती मंदिर, गोंदिया में दो दिवसीय विशाल नि:शुल्क नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, चश्मा वितरण एवं नेत्र स्वास्थ्य सेवा शिविर का***

आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, जरूरतमंद एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उच्चस्तरीय नेत्र चिकित्सा सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना है। मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था वर्षों से गोसेवा के साथ-साथ मानव सेवा के विभिन्न कार्यों में समर्पित भाव से कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में संस्था समय-समय पर अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करती रही है। इसी श्रृंखला में इस वर्ष भी यह विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंखों की संपूर्ण जांच की जाएगी। आवश्यकता अनुसार चयनित मरीजों के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, निःशुल्क चश्मा वितरण तथा आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था भी की गई है। ऑपरेशन के लिए आने वाले मरीजों के आवागमन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी मंडल द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी। मंडल द्वारा आयोजित पिछले नेत्र शिविरों में भी हजारों लोगों ने लाभ प्राप्त किया है। पिछले वर्ष आयोजित शिविर में 68 लोगों कृत्रिम हाथ पैर उपलब्ध कराए गए। 52 मरीजों के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन तथा 88 लोगों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया था। इसी सफलता को देखते हुए इस वर्ष भी बड़ी संख्या में मरीजों के लाभान्वित होने की उम्मीद है।

गिरिराज गौसेवा मित्र मंडल ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि जिन लोगों को धुंधला दिखाई देता है, मोतियाबिंद की समस्या है अथवा आंखों से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी है, वे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। साथ ही सभी समाजबंधुओं से अनुरोध किया गया है कि अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों तक इस शिविर की जानकारी अवश्य पहुंचाएं, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति उपचार से वंचित न रहे। अधिक जानकारी के लिये संस्था प्रमुखों में श्री सीताराम अग्रवाल से मो. 9021210737, श्री राजेश व्यास सीए से मो. नं. 9764217977, श्री राम अग्रवाल से मो. 9370115550, श्री राहुल सिंगानिया से मो. 9326810746, श्री रमा अग्रवाल से मो. 9326866760, श्री शैलेश टेकड़ीवाल से मो. 94221 30745, श्री मनीष टेकड़ीवाल से मो. 9423384201, श्री तनिष्क टेकड़ीवाल से मो. 9371184201, श्री अमित लेकरिया से मो. 9823144811, श्री शुभम अग्रवाल से मो. 9021246498 पर संपर्क किया जा सकता है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com